महानगर नई दिल्ली शुक्रवार 30 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# जन आंदोलन बने फिटनेस : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा)।

वीरता और फिटनेस को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'फिट इंडिया आंदोलन' का शुभारंभ किया लेकिन कहा कि इसे सरकारी नहीं बल्कि जन आंदोलन बनाकर देश के कोने-कोने में पहुंचाना होगा।

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में भारत की सांस्कृतिक विरासत में फिटनेस के महत्त्व की बानगी पेश करते रंगारंग कार्यक्रम के बीच मोदी ने कहा, 'आज का दिन युवा खिलाड़ियों को बधाई देने का दिन है जो दुनिया के मंच पर तिरंगे का परचम लहरा रहे हैं लेकिन फिट इंडिया का विस्तार खेलों से आगे तक होना चाहिए।' उन्होंने कहा,'युवा खिलाड़ियों को मिलने वाले पदक उनकी तपस्या के परिचायक तो हैं ही, लेकिन यह नए भारत के नए जोश और नए आत्मविश्वास का भी पैमाना है।



**मोदी ने किया 'फिट इंडिया आंदोलन' का शुभारंभ**

**'फिटनेस परिवार, समाज और देश की सफलता का मानक होना चाहिए।'**

पिछले पांच साल में खेलों के लिए जो बेहतर माहौल बना है, उसका फायदा अब मिल रहा है।'

मोदी ने फिटनेस को भारतीय संस्कृति का हिस्सा बताते हुए कहा, 'हमारे पूर्वज 'त' से तलवार पढ़ते थे और सीमित सोच वाले लोगों के कारण परंपराओं से हम इस तरह अलग हो गए कि लगने लगा कि 'त' से तलवार पढ़ाने से बच्चों की मनोवृत्ति हिंसक हो जाएगी। इसलिए 'त' से तरबूज हो गया। इससे वीरता, शारीरिक सामर्थ्य और फिटनेस को चोट पहुंची।'

उन्होंने कहा, 'फिटनेस परिवार, समाज और देश की सफलता का मानक होना चाहिए। स्वच्छ भारत आंदोलन की तरह फिट इंडिया आंदोलन का प्रचार-प्रसार भी देश के कोने-कोने में होना चाहिए। यह एक मंत्रालय का नहीं, देश का आंदोलन बाकी पेज 8 पर

# दिल्ली की बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी महिलाएं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

दिल्ली में 29 अक्तूबर से महिलाएं दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) व क्लस्टर बसों मुफ्त सफर कर सकेंगी। गुरुवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद ने इस योजना को मंजूरी दी है। महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकें इसके लिए डीटीसी की तरफ से एक दिन के लिए पास जारी किया जाएगा और इस पास के माध्यम से महिलाएं किसी भी बस में सफर कर सकेंगी।

इस योजना के तहत हर एक पास पर डीटीसी को दस रुपए का भुगतान किया जाएगा। ये नियम ही क्लस्टर बस सेवा पर भी लागू होंगे। इस सेवा का लाभ लेने का अधिकार दिल्ली सरकार ने महिलाओं पर छोड़ा है। जो महिलाएं इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहती हैं वे इसकी जगह टिकट की खरीद कर सफर कर सकेंगी। इसके लिए कैबिनेट ने डीटीसी अधिनियम 1985 में संशोधन करने के आदेश दिए हैं। इस सुविधा का गलत लाभ नहीं उठाया जा सके। इसके लिए सभी गाड़ियों में डीटीसी अपनी बाकी पेज 8 पर

**29 अक्तूबर से योजना लागू, महिलाओं को एक दिन की यात्रा के लिए जारी होगा पास। सरकारी कर्मचारियों को अब छोड़ना होगा अपना यात्रा भत्ता, एनसीआर जाने वाली डीटीसी व क्लस्टर सेवा में भी मिलेगा लाभ।**



महिलाओं के सशक्ति करण और सुरक्षा की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। मुझे यकीन है जो लोग आज इस कदम का विरोध कर रहे हैं, वे भविष्य में देखेंगे कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। इसका सबसे अधिक लाभ गरीब व निम्न वर्ग के परिवारों को होगा।
*-अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली*




दिल्ली कैबिनेट ने महिलाओं को 29 अक्तूबर से डीटीसी व क्लस्टर में सफर की अनुमति दी है। इसके लिए एक पास जारी होगा, जो बस कंडक्टर के पास उपलब्ध होगा। यह महिला सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम है।
*-कैलाश गहलोत, परिवहन मंत्री, दिल्ली*

# पाकिस्तान की चिट्ठी में खट्टर और कई अन्य का भी जिक्र

दीपक रस्तोगी
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र को लिखी अपनी चिट्ठी में पाकिस्तान ने अकेले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का हवाला नहीं दिया। इस पत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मनोहरलाल खट्टर व उत्तर प्रदेश से भाजपा के एक विधायक विक्रम सिंह सैनी के बयानों का भी जिक्र है। यही नहीं, पाकिस्तानी मंत्री शिरीन मजारी ने अपने पत्र में कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, उमर अब्दुल्ला के भी बयानों का जिक्र करते हुए तर्क रखा है।

शिरीन के पत्र में कई वैसी कथित घटनाओं और पीड़ितों का जिक्र है, जिनका उदाहरण देकर पाकिस्तानी अपना कुप्रचार चलाता रहता है। पाकिस्तानी मंत्री ने गूगल सर्च के एक विषय को भी अपने पत्र का हिस्सा बनाया है।



**संयुक्त राष्ट्र को भेजी शिरीन मजारी की चिट्ठी में गूगल सर्च के बढ़ने को भी बनाया सबूत**



महबूबा मुफ्ती



उमर अब्दुल्ला

शिरीन मजारी ने अपने पत्र को ट्विटर पर जारी किया है। संयुक्त राष्ट्र के 18 पदाधिकारियों को 27 अगस्त बाकी पेज 8 पर

# कश्मीर कभी पाकिस्तान का था ही नहीं : राजनाथ

लेह, 29 अगस्त (भाषा)।

जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान का कश्मीर पर कोई हक नहीं है और कोई भी देश इस मुद्दे पर उसका समर्थन नहीं कर रहा है। अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के केंद्र सरकार के कदम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने और समर्थन पाने की कोशिश करने के पाकिस्तान के प्रयासों के बीच रक्षा मंत्री का यह बयान आया है।

यहां रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने कहा पाकिस्तान जब आतंकवाद का इस्तेमाल करके भारत को अस्थिर करने की कोशिश करता रहता है तो भारत उससे बात कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ अच्छे पड़ोसी बाकी पेज 8 पर



**पाकिस्तान को पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन और अत्याचारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए**

## मेंढर में स्कूल पर की पाक फौज ने गोलाबारी

नई दिल्ली, 29 अगस्त (ब्यूरो)।

पाकिस्तान ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी और मोर्टार बाकी पेज 8 पर

## नारद मामला : तृणमूल के कई मंत्रियों व सांसदों की मुश्किलें बढ़ीं

# सीबीआइ ने बिरला से मुकदमे की मांगी इजाजत


नई दिल्ली/कोलकाता, 29 अगस्त (भाषा)।

सीबीआइ ने नारद स्टिंग ऑपरेशन मामले में तृणमूल कांग्रेस के तीन मौजूदा और एक पूर्व सांसद के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संपर्क किया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि जांच एजंसी ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के कई मंत्रियों और नेताओं को समन जारी किया। सूत्रों ने कहा कि तृणमूल मंत्री सुब्रत मुखर्जी, सांसद काकोली घोष दस्तीदार और कोलकाता के पूर्व महापौर और अब भाजपा नेता शोभन चटर्जी उन दस लोगों में शामिल हैं जिन्हें मामले के सिलसिले में बाकी पेज 8 पर



सुब्रत मुखर्जी



शोभन चटर्जी



सौगत रॉय

**तीन मौजूदा सांसद हैं सौगत रॉय, काकोली घोष और प्रसून बनर्जी जबकि पूर्व सांसद सुवेंदु अधिकारी फिलहाल राज्य सरकार में परिवहन मंत्री हैं।**

## दरअसल




# करतारपुर गलियारे के उद्घाटन पर बैठक आज

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

करतारपुर गलियारे के उद्घाटन को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तकनीकी बैठक शुक्रवार को जीरो प्वाइंट पर होगी। भारत और पाकिस्तान की तकनीकी टीमों की बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब जम्मू कश्मीर को लेकर दोनों देशों के रिश्ते खासे तनावपूर्ण हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में करतारपुर गलियारे की तैयारियों को बाकी पेज 8 पर



# धनशोधन मामले में चिदंबरम की अपील पर फैसला पांच को

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि आइएनएक्स मीडिया धन शोधन मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की अपील पर पांच सितंबर को फैसला सुनाया जाएगा। चिदंबरम ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाई कोर्ट के 20 अगस्त के फैसले को चुनौती दे रखी है। न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति एएस बाकी पेज 8 पर



**पांच करोड़ लोगों ने ऑनलाइन सदस्यता ली | मुहिम | पहले भाजपा के सदस्यों की संख्या 11 करोड़ थी**

# भाजपा के सदस्यों की संख्या 18 करोड़

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

इस बार भाजपा की सदस्यता में 7 करोड़ की वृद्धि होने जा रही है। 11 करोड़ सदस्यों में इन सदस्यों के जुड़ने से अब पार्टी के सदस्यों की संख्या 18 करोड़ होगी।

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि पहले हमारी (भाजपा की) सदस्य संख्या 11 करोड़ थी। इस बार सदस्यता अभियान के दौरान 5 करोड़ 81 लाख 34 हजार 242 लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से सदस्यता ली। यह पिछली सदस्य संख्या का 50 फीसद से ज्यादा है। संवाददाता सम्मेलन में सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख शिवराज सिंह चौहान, सह-प्रमुख दुष्यंत गौतम, सह-प्रमुख अरुण चतुर्वेदी और सह-प्रमुख शोभा सुरेंद्रन भी उपस्थित रहे।



जेपी नड्डा

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से 6 जुलाई को सदस्यता अभियान 2019 को शुरू किया था। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने सिमसाबाद (तेलंगाना), शिवराज सिंह चौहान ने गुरुग्राम, राजनाथ सिंह ने जयपुर और नितिन गडकरी ने नागपुर से इस अभियान की उसी दिन शुरुआत की थी। इस अभियान का समापन 20 अगस्त 2019 को हुआ। बाढ़ और बारिश के कारण सदस्यता अभियान में मुश्किलें भी आईं। इसे कुछ दिनों के लिए बंद भी करना पड़ा लेकिन इसके बावजूद यह सदस्यता अभियान काफी सफल रहा।

कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान में पार्टी का संवैधानिक लक्ष्य 20 फीसद नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ना होता है। इस तरह हमें 11 करोड़ की सदस्यता के आधार पर लगभग 2 करोड़ 20 लाख नए सदस्य बनाने थे लेकिन यह आंकड़ा लक्ष्य के तीन गुने से भी बाकी पेज 8 पर



## श्रीनगर के बाहरी इलाके में दुकानदार की हत्या

श्रीनगर, 29 अगस्त (भाषा)।

श्रीनगर शहर की बाहरी सीमा में आतंकवादियों ने एक दुकानदार की बृहस्पतिवार रात गोली मार कर हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान परीम पोरा स्थित एक दुकान के मालिक गुलाम मोहम्मद के तौर पर की गई है।

अधिकारियों ने कहा कि तीन युवा मोटरसाइकिल पर आए और दुकानदार पर गोलियां बरसा दीं जब वह अपनी दुकान बंद कर रहा था। उन्होंने कहा कि घटना के बाद इलाके में सुरक्षा और बढ़ा दी गई है और पुलिस हत्यारों की तलाश कर रही है।

## चिदंबरम की गिरफ्तारी इंद्राणी के लिए बनी 'अच्छी खबर'

मुंबई, 29 अगस्त (भाषा)।

शीना बोरा हत्याकांड में मुख्य आरोपी इंद्राणी मुखर्जी ने गुरुवार को कहा कि आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामले में पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम की गिरफ्तारी अच्छी खबर है।

चिदंबरम को वित्त मंत्री के तौर पर आइएनएक्स मीडिया समूह को 305 करोड़ रुपए की मंजूरी देने में कथित भ्रष्टाचार को लेकर 21 अगस्त को सीबीआइ ने गिरफ्तार किया है। इंद्राणी मुखर्जी और उसके पति पीटर मुखर्जी आइएनएक्स मीडिया समूह के पूर्व प्रमोटर हैं। इस समय दोनों इंद्राणी की बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में जेल में हैं।

सीबीआइ ने पहले दावा किया था कि समूह ने पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम से जुड़ी एक कंपनी को कथित रूप से भुगतान किया था। इंद्राणी ने संवाददाताओं से कहा, 'उनकी (चिदंबरम की) गिरफ्तारी अच्छी खबर है। वह अब चारों ओर से घिर गए हैं।' इंद्राणी को उसकी बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में सीबीआइ की एक विशेष अदालत में पेश किया गया था। इसी दौरान उसने संवाददाताओं से बात की।

उसने कहा कि आइएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे कार्ति चिदंबरम को दी गई जमानत भी रद्द कर दी जानी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए चार नामों की सिफारिश

नई दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट के कॉलिजियम ने शीर्ष अदालत में बतौर न्यायाधीश पदोन्नत किए जाने के लिए हाई कोर्ट के चार मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले कॉलिजियम ने हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा, राजस्थान और केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है।

न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं जबकि न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट राजस्थान हाई कोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश हैं और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय केरल हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं।

PRE-OFFER ADVERTISEMENT IN ACCORDANCE WITH REGULATION 18(7) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011, AS AMENDED, FOR THE ATTENTION OF THE ELIGIBLE SHAREHOLDERS OF

# LINDE INDIA LIMITED

**Regd. Office: Oxygen House, P43, Taratala Road, Kolkata, West Bengal, 700088. Tel: +91 33 6602 1600; Fax: +91 33 2401 4206; Website: www.linde.in; CIN: L40200WB1935PLC008184**

**OPEN OFFER FOR ACQUISITION OF UP TO 2,13,21,056 FULLY PAID UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF INR 10 EACH ("OFFER SHARES"), FROM THE ELIGIBLE SHAREHOLDERS OF LINDE INDIA LIMITED ("TARGET COMPANY") BY THE BOC GROUP LIMITED ("ACQUIRER") TOGETHER WITH PRAXAIR, INC. ("PAC 1") AND LINDE HOLDINGS NETHERLANDS B.V. ("PAC 2") (PAC 1 AND PAC 2 ARE COLLECTIVELY REFERRED TO AS "PACs") IN THEIR CAPACITY AS PERSONS ACTING IN CONCERT WITH THE ACQUIRER PURSUANT TO AND IN COMPLIANCE WITH REGULATIONS 3(1), 4, 5(1) AND 5(A)(3) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011 AND SUBSEQUENT AMENDMENTS THERETO ("SEBI (SAST) REGULATIONS") AT AN OFFER PRICE OF INR 478.40 PER EQUITY SHARE ("OFFER/OPEN OFFER")**

This Pre-Offer Advertisement is being issued by ICICI Securities Limited, the manager to the Offer ("**Manager**"), for and on behalf of the Acquirer and the PACs in respect of the Offer to the eligible shareholders of the Target Company, pursuant to and in compliance with Regulation 18(7) of the SEBI (SAST) Regulations.

This Pre-Offer Advertisement should be read in continuation of, and in conjunction with the Public Announcement dated October 24, 2018 ("**PA**"), the Detailed Public Statement dated November 8, 2018 ("**DPS**"), the Draft Letter of Offer dated February 01, 2019 (the "**DLoF**"), Corrigendum to DPS dated August 27, 2019 ("**Corrigendum**") and the Letter of Offer dated August 24, 2019 dispatched to the Eligible Shareholders of the Target Company (the "**LoF**").

Capitalized terms used but not defined in this Advertisement shall have the same meaning assigned to such terms in the LoF, unless otherwise defined.

The shareholders of the Target Company are requested to kindly note the following information related to the Offer:

1. **Upward revision in the Offer Price:** Pursuant to SEBI's observation letter dated August 14, 2019, the Acquirer and PACs have decided to revise the offer price upwards from INR 328.21 to INR 478.40 per equity share ("**Offer Price**"), consisting of INR 376.63 (Rupees Three Hundred and Seventy Six and Sixty Three Paise) per Equity Share plus interest compounded at the rate of ten per cent per annum for the period between December 20, 2016 and the date of publication of the DPS in terms of Regulation 8(12) of SEBI (SAST) Regulations, being INR 71.10 (Rupees Seventy One and Ten Paise) per Equity Share plus interest compounded at the rate of ten per cent per annum in terms of Regulation 5A (3) of the SAST Regulations, being INR 30.67 (Rupees Thirty and Sixty Seven) per Equity Share.

2. **Financial Arrangements:**

2.1. Based on the revised Offer Price, the maximum consideration payable under this Offer (assuming full acceptance) at the Offer Price of INR 478.40 per Equity Share will be INR 10,19,99,93,190.40 (Rupees One Thousand and Nineteen Crores Ninety Nine Lakhs Ninety Three Thousand One Hundred and Ninety and Forty Paise) i.e. the consideration payable for acquisition of 2,13,21,056 Equity Shares at the Offer Price.

2.2. Pursuant to Regulation 17(2) of the SAST Regulations, in case of upward revision of the offer price, the value of the Escrow Account is required to be calculated for the revised offer price and the additional amount is required to be brought into the Escrow Account prior to effecting such revision. Accordingly, in light of revision of the Offer Price, the Acquirer and PACs have deposited an aggregate amount of INR 10,19,99,932 in the Escrow Account "BOCG: LINDE INDIA OPEN OFFER ESCROW ACCOUNT 2018" which is more than 1% (one percent) of the Maximum Consideration together with an unconditional and irrevocable bank guarantee from Bank of America, N. A., acting through its branch office at Salarpuria Windsor, 5th Floor, B-Wing, No. 3, Ulsoor Road, Bengaluru-560042 enhanced to INR 1,66,80,22,863 in favour of ICICI Securities Limited (being Manager to the Offer). Together the combined value is in compliance with Regulations 17(3)(b) and 17(1) of the SEBI (SAST) Regulations.

3. **Recommendation of the Committee of Independent Directors:** The committee of independent directors of the Target Company (the "**IDC**") has recommended that the shareholders should independently evaluate the offer. The recommendations of the IDC were published on August 28,2019 in the same newspapers in which the DPS was published. A summary of the relevant extracts of the IDC's recommendations are below:

| | |
|---|---|
| Members of the IDC | Mr Jyotin Mehta, Chairman of the IDC<br>Mr Arun Balakrishnan<br>Dr Shalini Sarin |
| Recommendation on the Open Offer, as to whether the offer is fair and Members of the IDC believe that the open offer is fair and reasonable | The IDC is of the opinion that the Offer Price of ₹ 478.40 as offered by the Acquirer:<br>1. Is in accordance with the regulations prescribed under the SEBI (SAST) Regulations; and<br>2. Appears to be fair and reasonable.<br>However, the IDC has advised that the public shareholders of the TC should independently evaluate the Offer Price and take an informed decision before subscribing to the Open Offer. |
| Summary of reasons for recommendation | IDC has reviewed the PA, DPS, DLoF, LoF and has taken into consideration the following for making the recommendation:<br>1. For a period of 12 calendar months (i.e., a period of December 1, 2015 to November 1, 2016, both days included) preceding the announcement of the press release dated December 20, 2016, wherein Linde Aktiengesellschaft and PAC 1 announced their intention to merge, which is the triggering underlying transaction for this Open Offer, the equity shares of the TC were infrequently traded in terms of SEBI (SAST) Regulations. In such cases, SEBI (SAST) Regulations require the Acquirer/PACs and the Manager to the Offer to determine the offer price in accordance with Regulations 8(3), 8(4), and 8(12) of the SEBI (SAST) Regulations. In this case, the basic offer price was determined to be ₹ 276.09 (Rupees Two hundred and Seventy Six and Paise nine only) per equity share, in accordance with the valuation report provided by Ernst and Young Merchant Banking Services Pvt. Ltd. (an independent SEBI registered merchant banker) dated 16 October 2018, in compliance with Regulation 8(16) of the SEBI (SAST) Regulations. Subsequently, SEBI appointed CNK & Associates LLP, Chartered Accountants as an independent chartered accountant for determining the fair price of the equity shares of Linde India Ltd. for the purpose of the Open Offer. As per the direction of SEBI, CNK & Associates LLP, Chartered Accountants, have vide their valuation report dated August 06, 2019 ("**Valuation Report**") determined the fair price of per equity share of Linde India Ltd. at ₹ 376.63 (Rupees Three Hundred and Seventy Six and Paise Sixty three only) as on December 20, 2016. SEBI vide it's letter dated August 14, 2019, had asked the Acquirer and PACs to revise the Offer Price to ₹ 376.63 and adding interest as per Regulation 8(12) and Regulation 5A(3) of SEBI (SAST) Regulations.<br>2. The offer price of ₹ 376.63 as aforesaid has been enhanced to ₹ 478.40 (Rupees Four Hundred Seventy Eight and Paise Forty only) as a result of inclusion of ₹ 101.77 towards total interest for the period of delay, comprising (a) interest amounting to ₹ 71.10 (Rupees Seventy One and Paise Ten only) per Equity Share computed at the rate of 10% (ten percent) per annum for the period between December 20, 2016 and the date of publication of the DPS in terms of Regulation 8(12) of SEBI (SAST) Regulations, on basic Open Offer price of INR 376.63 and (b) an additional interest amounting to ₹ 30.67 (Rupees Thirty and Paise Sixty Seven only) per Equity Share computed at the rate of 10% (ten per cent) per annum for the period between January 24, 2019 and the revised date of payment of consideration to the Public Shareholders of Linde India Ltd. i.e. October 1, 2019 in terms of Regulation 5A(3) of the SEBI (SAST) Regulations.<br>3. Hence the Offer Price is ₹ 478.40 (Rupees Four Hundred Seventy Eight and Paise Forty only).<br>4. CNK & Associates LLP, Chartered Accountants in its Valuation Report has adopted the following valuation methods for arriving at the fair price of the equity shares and each of the methods were given equal weightage:<br>(a) Comparable Companies' Multiple Method/ Guideline Company Method - EV/EBITDA multiples of comparable companies; and<br>(b) Discounted Cash Flows (DCF) method.<br>Based on the review of the PA, DPS, DLoF, LoF and Valuation Report, and keeping in mind the above facts, the IDC is of the opinion that the final Offer Price of ₹ 478.40 offered by the Acquirers and the PACs is fair and reasonable and is in accordance with the SEBI (SAST) Regulations. However, the public shareholders of the TC are advised to independently evaluate the offer price and take an informed decision before subscribing to the Open Offer. |

4. The Offer is not a competing offer in terms of Regulation 20 of the SEBI (SAST) Regulations. There has been no competitive bid to the Offer.

5. The Letter of Offer was dispatched to all Eligible Shareholders of the Target Company by August 26, 2019.

6. Eligible Shareholders are required to refer para 8 "Procedure for Acceptance and Settlement of this Offer" on page 42 of the LoF in relation to *inter alia* the procedure for tendering their Equity Shares in the Open Offer and are required to adhere to and follow the procedure outlined therein. Please note that a copy of the LoF (including Form of Acceptance-cum-Acknowledgment) is also available on SEBI's website (http://www.sebi.gov.in) during the Tendering Period and shareholders can also apply by downloading such forms from SEBI's website. Further, in case of non-receipt/non-availability of the Form of Acceptance-cum-Acknowledgement, the application can be made on plain paper along with the following details:

6.1. Eligible Public Shareholders who have acquired Equity Shares but whose names do not appear in the register of members of the Target Company on the Identified Date, or unregistered owners or those who have acquired Equity Shares after the Identified Date, or those who have not received the LoF, may participate in this Offer by:

(a) downloading the LoF along with the Form of Acceptance-cum-Acknowledgment from the SEBI website (www.sebi.gov.in) or obtaining a copy of the same from the Registrar to the Offer on providing suitable documentary evidence of holding of the Equity Shares; or

(b) submitting an application on a plain paper to their Selling Broker giving details regarding their shareholding and confirming their consent to participate in this Offer on the terms and conditions of this Offer as set out in PA, the DPS and the LoF and submitting all the required documents as identified in the LoF.

7. In terms of Regulation 16(1) of the SEBI (SAST) Regulations, the DLoF was submitted to SEBI on February 01, 2019. The final observations from SEBI were received in terms of Regulation 16(4) of the SEBI (SAST) Regulations *vide* letter dated August 14, 2019, which have been incorporated in the LoF.

8. **Details regarding the status of the statutory and other approvals**: As disclosed in the LoF, to the best of the knowledge of the Acquirer and the PACs, all the statutory approvals required by the Acquirer or the PACs to complete this Offer have been obtained. However, in case of any additional statutory approvals being required by the Acquirer or the PACs at any later date, this Offer will be subject to such approvals. In the event that any statutory approvals required are not obtained or are finally refused or are otherwise not received for reasons outside the reasonable control of the Acquirer and/or PACs, the Acquirer and/or PACs may withdraw the Offer under Regulation 23 of the SEBI (SAST) Regulations. Non-resident Indian ("**NRI**") and overseas corporate body ("**OCB**") holders of the Equity Shares, must obtain all approvals required to tender the Equity Shares held by them in this Offer (including without limitation, an approval from the Reserve Bank of India ("**RBI**") and submit such approvals along with the Form of Acceptance cum - Acknowledgement and other documents required under this Offer. Further, if holders of the Equity Shares who are not persons resident in India including NRIs, OCBs, FIIs and FPIs had required any approvals (including from the RBI or any other regulatory body) in respect of the Equity Shares held by them, they will be required to submit such previous approvals that they would have obtained for holding the Equity Shares, along with the other documents required to be tendered to accept this Offer. In the event that such approvals are not submitted, the Acquirer and PACs shall reject any such Equity Shares tendered in this Offer.

9. The revised schedule of activities pertaining to the Offer is set out below:

| Activity | Schedule disclosed in the Draft Letter of Offer (Date and Day) | Revised Schedule (Day and Date) |
|---|---|---|
| Date of the Public Announcement | Wednesday, October 24, 2018 | Wednesday, October 24, 2018 |
| Date of publication of the Detailed Public Statement encapsulating intention to delist under regulation 5A (3) of the SEBI (SAST) Regulations in the newspapers | Friday, November 09, 2018 | Friday, November 09, 2018 |
| Last date for competing offer | Tuesday, December 04, 2018 | Tuesday, December 04, 2018 |
| Public announcement of failure of the Delisting Offer and update on the Open Offer | Friday, January 25, 2019 | Friday, January 25, 2019 |
| Date of Corrigendum to Announcement of failure of the Delisting Offer and Update on the Open Offer | Tuesday, January 29, 2019 | Tuesday, January 29, 2019 |
| Opening of withdrawal period for Public Shareholders to withdraw the Equity Shares tendered in the Delisting Offer | Wednesday, January 30, 2019 | Wednesday, January 30, 2019 |
| Filing of the Draft Letter of Offer with SEBI | Friday, February 1, 2019 | Friday, February 1, 2019 |
| Closure of withdrawal period for Public Shareholders to withdraw the Equity Shares tendered in the Delisting Offer | Tuesday, February 12, 2019 | Tuesday, February 12, 2019 |
| Date of appointment of New Independent Valuer (as defined hereinafter) by SEBI | - | Friday, May 31, 2019 |
| Last date for SEBI observations on the Draft Letter of Offer (in the event SEBI has not sought clarifications or additional information from the Manager) | Monday, February 25, 2019 | Wednesday, August 14, 2019** |
| Identified Date* | Wednesday, February 27, 2019 | Monday, August 19, 2019 |
| Last date by which the Letter of Offer is required to be dispatched to the Public Shareholders | Thursday, March 7, 2019 | Monday, August 26, 2019 |
| Last date by which the committee of the independent directors of the Company shall give its recommendation to the Public Shareholders of the Company for the Open Offer | Tuesday, March 12, 2019 | Thursday, August 29, 2019 |
| Date of publication of advertisement containing announcement of the schedule of activities of the Open Offer, status of statutory and other approvals, if any and procedures for tendering acceptance in the newspaper where the DPS was published and notification to SEBI, the Stock Exchanges, and the Target Company at its registered office. | Wednesday, March 13, 2019 | Friday, August 30, 2019 |
| Last date for upward revision of the offer price/offer size of the Open Offer | Wednesday, March 13, 2019 | Friday, August 30, 2019 |
| Date of commencement of tendering period (Open Offer opening date) | Thursday, March 14, 2019 | Tuesday, September 3, 2019 |
| Date of expiry of tendering period (Open Offer closing date) | Thursday, March 28, 2019 | Tuesday, September 17, 2019 |
| Last day of payment to the Public Shareholders whose Equity Shares have been accepted in the Open Offer | Thursday, April 11, 2019 | Tuesday, October 1, 2019 |
| Last date for publication of post-Open Offer announcement and submission of the final report with SEBI | Thursday, April 18, 2019 | Thursday, October 10, 2019 |

**Date falling on the 10th Working Day prior to the commencement of the Tendering Period. The Identified Date is only for the purpose of determining the Public Shareholders as on such date to whom the LOF would be sent. All the Public Shareholders (registered or unregistered) of the Equity Shares of the Target Company are eligible to participate in this Offer at any time prior to the closure of the Tendering Period.*

***Actual date of receipt of comments from SEBI*

10. The Acquirer and PACs accept full responsibility for the information contained in this Pre-offer advertisement and also the obligations of the Acquirer and PACs as laid down in the SEBI (SAST) Regulations and subsequent amendments thereof.

11. This Advertisement is expected to be available on SEBI's website at www.sebi.gov.in

FOR THE ATTENTION OF ELIGIBLE SHAREHOLDERS

SEBI vide circular no. CIR/CFD/POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with circular no. CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 09, 2016, as amended from time to time, has provided guidelines on the mechanism for acquisition of shares through the stock exchange pursuant to, inter alia, tender-offers under SEBI (SAST) Regulations, to facilitate tendering of shares by the shareholders and settlement of the same through the stock exchange mechanism. In accordance with these circulars and notices/guidelines issued by the Stock Exchanges and Clearing Corporation in relation to the mechanism of acquisition of shares, this Offer is being carried out through the stock exchange mechanism (in the form of a separate acquisition window provided by BSE Limited, being the designated stock exchange), and hence would be subject to payment of securities transaction tax. For further details, eligible shareholders are requested to refer to Para No. 8 titled "Procedure for Acceptance and Settlement of this Offer" on page 42 of the LoF.

**As per the press release dated December 3, 2018 issued by SEBI, the deadline for the requirement for effecting transfer of securities only in dematerialized form, was till April 1, 2019. In view of the same, and pursuant to Regulation 40(1) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015, as amended, the Acquirer shall only accept shares tendered in the dematerialized form. Such Public Shareholders holding shares in Physical Form should ensure that the process of getting the Equity Shares dematerialized is completed well in time so that they can participate in this Offer by or before the closure of the Tendering Period.**

**MANAGER TO THE OFFER**

ICICI Securities

**ICICI SECURITIES LIMITED**
**SEBI Regn. No.:** INM000011179
ICICI Centre, H.T. Parekh Marg, Churchgate,
Mumbai - 400020, Maharashtra, India
**Tel.:** +91 22 2288 2460; **Fax:** +91 22 2282 6580;
**Email ID:** linde.openoffer@icicisecurities.com
**Contact Person:** Mr. Rishi Tiwari/Mr. Anurag Byas

**Issued for and on behalf of the Acquirer and PACs**

| Acquirer | PAC 1 | PAC 2 |
|---|---|---|
| **BOC GROUP LIMITED** | **PRAXAIR, INC.** | **LINDE HOLDINGS NETHERLANDS B.V.** |
| The Priestley Centre, 10 Priestley Road, The Surrey Research Park, Guildford, Surrey, GU2 7XY, England | 251 Little Falls Drive, City of Wilmington, County of New Castle, Delaware 19808, United States of America | Havenstraat 1, 3115HC Schiedam, Netherlands |

**Date :** August 29, 2019
**Place:** Mumbai

PRESSMAN

# फैसले और उम्मीदें

भारत में विदेशी पूंजी लाने के मकसद से सरकार ने एफडीआइ नियमों को और उदार बनाने की दिशा में जो कदम बढ़ाया है वह निश्चित रूप से अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मददगार होगा। बुधवार को कैबिनेट की बैठक में जो बड़े फैसले किए गए उनसे साफ है कि देश को मंदी के माहौल से उबारने के लिए इस तरह के आर्थिक उपाय करने जरूरी हो गए हैं। पिछले एक हफ्ते में यह तीसरा मौका है जब अर्थव्यवस्था को सुधारने की लिए तीसरा बड़ा फैसला किया गया है। भारत में इस वक्त निवेश, मांग और खपत तीनों सुस्त हैं और अर्थव्यवस्था के ये तीनों ही कारक मंदी का कारण बने हुए हैं। ऐसे में विदेशी निवेश लाने के लिए एफडीआइ नियमों में ढील देना वक्त की जरूरत बन गई है। सबसे बड़ा फैसला तो यह हुआ है कि एकल ब्रांड खुदरा क्षेत्र के लिए नियमों को आसान बनाया गया है। इस क्षेत्र में तीस फीसद घरेलू खरीद के नियम के दायरे को व्यापक बनाया गया है। इससे एकल ब्रांड कंपनियां अब ऑनलाइन और ऑफलाइन स्टोर साथ-साथ खोल सकेंगी। अब पहले ऑफलाइन स्टोर खोलने की अनिवार्यता खत्म हो जाने से भारत में विदेशी कंपनियों के आने का रास्ता आसान हो जाएगा और उम्मीद की जानी चाहिए कि कई बड़ी कंपनियां भारतीय बाजार में दस्तक देंगी।

आज दुनिया में खुली अर्थव्यवस्था है। ऐसे में कारोबारी नियम भी उदार ही होने चाहिए, बशर्ते राष्ट्र के हितों पर प्रतिकूल असर न पड़ता हो। सरकार ने कोयला क्षेत्र के विकास को रफ्तार देने के लिए कोयला खनन और ठेका विनिर्माण में सौ फीसद विदेशी निवेश का रास्ता साफ कर दिया है। हालांकि कोयला क्षेत्र को लेकर अभी संदेह इसलिए बना हुआ है कि विदेशी कंपनियां इसमें पैसा लगाने से बच सकती हैं। इस वक्त दुनिया की बड़ी कंपनियों की दिलचस्पी हरित ऊर्जा वाली परियोजनाओं को लेकर ज्यादा है। लेकिन ठेका विनिर्माण क्षेत्र में सौ फीसद एफडीआइ अर्थव्यवस्था को गति देने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। माना जा रहा है कि इससे विदेशी कंपनियां भारत में अब दूसरी कंपनियों को ठेके देकर अपने उत्पाद भी बनवाएंगी। यही कंपनियां फिर भारत से निर्यात करेंगी तो इससे भारत को दोहरा फायदा होगा। इससे देश में विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। एक मोटा अनुमान यह लगाया गया है कि ठेका विनिर्माण क्षेत्र में सौ फीसद एफडीआइ के फैसले से 2022 तक देश की जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ कर पच्चीस फीसद तक हो सकता है जो अभी सोलह-सत्रह फीसद है।

इसके अलावा कैबिनेट ने देश भर में पचहत्तर नए मेडिकल कालेज खोलने का जो बड़ा फैसला किया है, वह निश्चित रूप से वक्त की जरूरत है। आज देश में ज्यादातर जिले खासतौर से ग्रामीण इलाके बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं। इसकी वजह यह रही है कि आजादी के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र का बुनियादी ढांचा विकसित नहीं हो पाया है। देश में डॉक्टरों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों की भारी कमी है। ऐसे में अगर बड़ी संख्या में मेडिकल कालेज खुलते हैं तो निश्चित रूप से अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर होगी और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाया जा सकेगा। सबसे ज्यादा फायदा ग्रामीण आबादी को होगा। भारत में चिकित्सा क्षेत्र को नया रूप देने के मकसद से सरकार का यह फैसला मील का पत्थर साबित हो सकता है। सबसे बड़ी जरूरत तो इस बात की है कि इन योजनाओं पर काम पुख्ता तरीके से हो।

# दोहरी प्रताड़ना

पंचायती राज व्यवस्था को इसलिए मजबूत बनाने पर जोर दिया गया था कि स्थानीय लोग भाई-चारे के साथ अपने मामलों का निपटारा खुद कर लिया करेंगे, अपनी समस्याओं का खुद समाधान तलाशेंगे और नौकरशाही के बेवजह दखल से मुक्त रह सकेंगे। मगर पंचायतें किस कदर पक्षपाती और अन्यायी होती गई हैं, इसके ढेर उदाहरण मौजूद हैं। पंचायतों पर काबिज लोग सरकारी धन की लूट तो करते ही हैं, जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर नाइंसाफी भी करते हैं। इसका ताजा उदाहरण बिहार के गया जिले में एक ग्राम पंचायत का बलात्कार पीड़िता का सिर मुंड़वा कर गांव में घुमाना है। जब पीड़िता और उसके परिजन बलात्कार की शिकायत लेकर पंचायत के पास पहुंचे तो उसके सदस्यों ने उल्टा लड़की को ही दोषी ठहरा दिया कि वह गलत आरोप लगा रही है। इसके दंड स्वरूप लड़की का सिर मुंड़वा कर उसे गांव में घुमाया गया। इस मामले की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने ने संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विचित्र है कि जिसे पीड़ित को न्याय दिलाना चाहिए, वह खुद अन्याय करता है।

हालांकि बिहार में यह अकेली घटना नहीं है, जिसमें किसी पंचायत ने दोषियों के खिलाफ खड़े होने के बजाय पीड़िता को दंडित करना न्यायसंगत समझा। कई घटनाओं में कुछ महिलाओं को खौलते तेल में हाथ डाल कर अपनी बेगुनाही साबित करने, सामूहिक पिटाई सहने, पत्थर मारे जाने जैसी दंड सुनाए जा चुके हैं। इन तमाम घटनाओं का बारीकी से अध्ययन करें तो लगभग सभी महिलाएं समाज के कमजोर तबके से रही हैं। छिपी बात नहीं है कि देश की तमाम पंचायतों पर ऊंची कही जाने वाली जातियों के दबंग लोग काबिज हैं। जिन सीटों पर आरक्षण की वजह से समाज के कमजोर और नीची कही जाने वाली जातियों के लोग सरपंच हैं, वे भी गांव के दबंग लोगों के मुताबिक ही काम करते देखे जाते हैं। इस तरह उनमें से भी ज्यादातर का कार्यव्यवहार ताकतवर लोगों के अनुसार होता है। फिर गांवों में नीची कही जाने वाली जातियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की महिलाओं को किस कदर प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है, यह भी कोई छिपी बात नहीं है। जाहिर है, गया की ग्राम पंचायत ने भी इसी सामंती सोच के चलते पीड़िता को दोहरी प्रताड़ना से गुजरने को मजबूर किया।

ज्यादातर ग्राम पंचायतों में जातिवादी सोच गहरे तक जड़ जमाए हुए है। यही वजह है कि गांवों के विकास से जुड़ी योजनाओं का अधिकतर लाभ सरपंच अपनी जाति से जुड़े लोगों को पहुंचाते देखे जाते हैं। अपनी जाति के लोगों पर अगर किसी तरह का आरोप लगता है, तो सरपंच अक्सर उसे बचाने के लिए किसी भी हद तक जाते देखे जाते हैं। गया की पंचायत में भी पीड़िता चूंकि समाज के कमजोर तबके से थी और पंचायत में दबंग लोगों का कब्जा है, उन्होंने यह सोच कर ही एकतरफा फैसला किया कि वह उनके फैसले को चुनौती नहीं दे सकती। उसका परिवार पंचायत के फैसले को चुपचाप मान और चुप्पी साध लेगा। यह भी छिपी बात नहीं है कि गांवों के दबंग लोग किस तरह गरीब और कमजोर तबके की महिलाओं के साथ बदसलूकी करते हैं। ऐसे में जिन लोगों पर लड़की ने बलात्कार का आरोप लगाया, वे ताकतवर लोग रहे होंगे, छिपी बात नहीं है। जाहिर है, पंचायत ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। पंचायतों के ऐसे रवैए के चलते ही पंचायती राज व्यवस्था की साख गिरी है।

## कल्पमेधा

अत्याचार करने वाला उतना दोषी नहीं है, जितना उसे सहन करने वाला।
-बाल गंगाधर तिलक


# कैंसर का कहर

मनीष वैद्य

**बीते कई सालों से पर्यावरणविद और कृषि वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि जल्दी ही रासायनिक खाद और दवाओं को हटा कर जैविक खेती को नहीं अपनाया गया तो हालात गंभीर हो सकते हैं। फिर भी अब तक जैविक खेती को लेकर सिर्फ नारेबाजी ही हो रही है। हमारे यहां जैविक खेती की अवधारणा नई नहीं है, परंपरा से हमारे पूर्वज इसे करते रहे हैं। आसन्न चुनौतियों से निपटने का एकमात्र विकल्प है-अपनी जड़ों की ओर लौटना।**

रासायनिक खादों और कीटनाशकों के इस्तेमाल ने पूरी दुनिया की धरती में खेती के उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और मनुष्य की सेहत के लिए गंभीर खतरे खड़े कर दिए हैं। यहां तक कि शिशु के लिए अब अपनी मां का दूध भी सुरक्षित नहीं रह गया है। दूषित पेय और खाद्य पदार्थों के कारण मां का दूध भी प्रदूषित हो जाता है। यह बात विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन की एक रिपोर्ट में कही गई है। भारत में भी हरित क्रांति के बाद उत्पादन बढ़ाने के नाम पर किसानों को परंपरागत खेती छोड़ कर कीटनाशकों और रासायनिक खादों की सलाह दी गई। इसका अंधाधुंध इस्तेमाल हुआ और जोरदार पैदावार से किसान मालामाल भी हुए, परंतु तब इसके दूरगामी दुष्परिणामों पर गौर नहीं किया गया था। पंजाब को इसकी प्रयोगशाला की तरह देखा गया लेकिन खेतों में रासायनिक खाद और कीटनाशकों ने यहां के पानी, हवा और जमीन को बुरी तरह प्रदूषित कर दिया और किसानों को कैंसर की बीमारी तोहफे में दे दी। पंजाब के बठिंडा से बीकानेर जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन के नाम से जाना जाता है। इससे हर दिन दो सौ से ज़्यादा कैंसर के मरीज बीकानेर के कैंसर अस्पताल पहुंचते हैं। बीस स्टेशनों से गुजरते हुए यह हर दिन सवा तीन सौ किलोमीटर का सफर तय कर कैंसर मरीजों की बुझी हुई उम्मीदों को जिंदा करने की कोशिश करती है।

पंजाब के बाद देश के कुछ और हिस्से भी अब तेजी से कैंसर की चपेट आते जा रहे हैं। सबसे बड़ा खतरा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओड़िशा और राजस्थान को है। देश में अब तक कैंसर मरीजों का आंकड़ा साढ़े बाईस लाख का है जो अगले बीस सालों यानी 2040 तक दुगना हो जाने की आशंका जताई जा रही है। कीटनाशकों के प्रयोग में ये राज्य देश के सर्वाधिक उपयोगकर्ताओं में शामिल हैं और यही कारण है कि अब इन राज्यों में कैंसर मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। कैंसर से बीते साल सात लाख चौरासी हजार लोगों की मौत हो गई और साढ़े ग्यारह लाख नए मामले सामने आए थे।



कभी अपनी खास तरह की समृद्ध खेती-बाड़ी और प्राकृतिक सुंदरता के लिए पहचाने जाने वाले इन आठ राज्यों में लोग अब कैंसर के खौफनाक कहर से रूबरू हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में तो यह जानलेवा बीमारी तेजी से पांव पसाररही है। तंबाकू और बीड़ी पीने वालों को यह बीमारी आम है लेकिन यहां कई ऐसे लोग भी इस लाइलाज बीमारी के चंगुल में फंस चुके हैं जिन्होंने कभी तंबाकू का इस्तेमाल नहीं किया। विशेषज्ञों के मुताबिक इसका बड़ा कारण खेतों में इस्तेमाल होने वाले कीटनाशक हैं। मध्यप्रदेश में इंदौर के पास घने जंगलों और हरे-भरे खेतों के बीच बसा गांव हरसोला आलू और सब्जियों की पैदावार के लिए मशहूर है। यहां के कम स्टार्च वाले आलू की विदेशों सहित देशभर में मांग रहती है और इस आलू का उपयोग चिप्स बनाने वाली कंपनियां ज्यादा करती हैं। लेकिन चौंकाने वाला तथ्य यह है कि बीते सालों में यहां कैंसर के पैंतीस से ज्यादा मरीज चिन्हित हुए थे, जिनमें से पंद्रह की मौत हो चुकी है। यह साफहै कि इस गांव के ज्यादातर लोग किसान हैं और अपने खेतों में काम करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि खेतों का कीटनाशक बारिश के पानी के साथ जमीन में पहुंचता है और जमीन के साथ जमीनी पानी के भंडार को भी प्रदूषित करता है। खेती-बाड़ी वाले गांवों में बीते चालीस सालों में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का इस्तेमाल करीब चार से पांच गुना तक बढ़ा है। इसी ने हमारे परिवेश में जहर और हवा में कड़वाहट घोल दी है। ये बीमारियां इन्हीं की देन हैं।

कुछ सालों पहले तक पैंतालीस साल या इससे अधिक उम्र की महिलाओं में ही स्तन कैंसर की आशंका होती थी लेकिन अब पच्चीस से पैंतीस साल की महिलाओं में यह बीमारी अधिक देखने में आ रही है। भारत में हर आठ में से एक महिला को स्तन कैंसर की आशंका रहती है। स्तन कैंसर सायलेंट किलर है और इसका पता लगने में थोड़ी-सी भी देर हो जाए तो इसके ठीक होने की संभावना कम हो जाती है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इससे मौतें ज्यादा होती हैं, क्योंकि वहां तक जांच व निदान की तकनीक और संसाधन अब तक सुलभ नहीं हो पाए हैं। इस बीमारी के फैलने का सबसे बड़ा कारण बदलता खानपान, प्रदूषण, जीवन शैली में बदलाव, नशा और अनुवांशिकी के साथ-साथ पानी, सब्जियों और अनाज में कीटनाशकों के अंश का पहुंचना है। संसाधनों और डाक्टरों की कमी, गरीबी और कुपोषण ने इस संकट को और बढ़ा दिया है।

रासायनिक खाद के इस्तेमाल में भी भारत पीछे नहीं है। बीते साठ सालों में यूरिया का बेतहाशा इस्तेमाल किया गया। 1960 में जहां नाइट्रोजन फर्टिलाइजर में यूरिया का अंश महज दस फीसदी था, जो अब बढ़ कर बयासी फीसद से ज़्यादा हो चुका है। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक भारत हर साल एक सौ अड़तालीस लाख टन यूरिया की खपत करता है। हैरत की बात यह है कि अधिकांश खेतों की मिट्टी की जांच ही नहीं हुई है। ऐसे में बिना किसी आकलन के किसान अपनी मर्जी से यूरिया का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें लगता है कि अब जमीन को यूरिया की आदत बन गई है और यदि वे यूरिया नहीं डालेंगे तो पैदावार काफी घट जाएगी। देश में सबसे ज्यादा यूरिया की खपत उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड हैं। पहले नंबर पर उत्तर प्रदेश है जो क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी बड़ा है। लेकिन छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड का क्षेत्रफल काफी कम होने पर भी यूरिया की खपत काफी तेजी से बढ़ी है और इसमें हर साल बीस फीसद बढ़ोतरी हो रही है। यूरिया का तीस फीसद हिस्सा ही पौधों को बढ़ाता है, जबकि सत्तर फीसद नाइट्रोजन में बदल कर बारिश के पानी के साथ धरती में चला जाता है और भूजल भंडार और मिट्टी के साथ नदी-नालों में समा कर उन्हें प्रदूषित करता है। ऐसा पानी फसलों को नुकसान पहुंचाता है। यह पानी और इससे उगने वाला अन्न दोनों ही मनुष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं।

बीते कई सालों से पर्यावरणविद और कृषि वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि जल्दी ही रासायनिक खाद और दवाओं को हटा कर जैविक खेती को नहीं अपनाया गया तो हालात गंभीर हो सकते हैं। फिर भी अब तक जैविक खेती को लेकर सिर्फ नारेबाजी ही हो रही है। हमारे यहां जैविक खेती की अवधारणा नई नहीं है, परंपरा से हमारे पूर्वज इसे करते रहे हैं। आसन्न चुनौतियों से निपटने का एकमात्र विकल्प है-अपनी जड़ों की ओर लौटना। दुर्भाग्य से जिन गांवों के कोठार कभी अन्न के दानों से भरे रहते थे, आज वहां दवाइयां हैं, जहां के खेत सोना उगलते थे, आज वहां की हवा में दुर्गंध है। जहां कभी फसलें आने पर लोक गीत गूंजते थे, आज वहां भयावह खौफ और मौत का सन्नाटा है। जहां के लोग हाड़-तोड़ मेहनत करने के बाद भी हृष्ट-पुष्ट बने रहते थे, आज वे कंकाल की तरह नजर आते हैं और निराशा इतनी कि हर दिन अपनी मौत की घड़ियां गिनते रहते हैं। बीते तीस-चालीस सालों में हमने खेती की उपज बढ़ाने के नाम पर किन यमदूतों को हमारी खेती में शामिल कर लिया कि हमारी जान पर ही बन आई। भला ऐसी समृद्धि किस काम की जो मौत का तोहफा देती हो।

# पूर्वाग्रहों के पाठ

अमित चमड़िया

**दुनिया मेरे आगे**

कक्षा तीन में एक शिक्षक ने दिवाली पर निबंध लिखवाया। उस निबंध की पहली पंक्ति कुछ इस प्रकार थी- 'दिवाली भारत देश का एक प्रमुख पर्व है।' यों यह पंक्ति हिंदी निबंध की किताबों में आमतौर पर लिखी हुई मिल जाती है, लेकिन जब ईद या गुरुपर्व पर निबंध लिखवाए जाते हैं तो पंक्ति कुछ इस प्रकार होती है- 'ईद मुसलिम समुदाय का प्रमुख त्योहार है या गुरुपर्व सिख धर्म को मानने वाले लोगों द्वारा मनाया जाता है।' मुझे भी अपने स्कूल में इन त्योहारों के बारे कुछ इसी तरह की बात सिखाई गई थी। आज भी लाखों बच्चे इसी तरह के निबंधों की किताब पढ़ रहे हैं या उनकी कक्षा में उनके शिक्षक द्वारा इसी तरह की पंक्तियां इन त्योहारों के बारे लिखवाई जा रही हैं। कक्षा तीन के बच्चों के लिए इसमें कुछ भी असामान्य जैसा नहीं है, पर हम 'स्वाभाविक तरीके' से या 'सहजता' से बहुत कुछ बच्चों को गलत बातें बता देते हैं। त्योहारों के बारे में इस तरह की बातें कुछ इसी तरह की हैं।

भारत बहुलतावादी संस्कृति का परिचायक है। जब हम दिवाली को भारत देश का प्रमुख पर्व बताते हैं तो हम ईद और गुरुपर्व को भी क्यों नहीं भारत के एक प्रमुख त्योहार के रूप स्वीकार करते हैं। अगर हम एक पर्व को किसी खास धर्म से जोड़ते हैं तो फिर यही काम दिवाली पर निबंध लिखते समय क्यों नहीं होता है! इस पर्व के संदर्भ पर हम यह नहीं लिखते हैं कि दिवाली हिंदुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भी तथ्य है कि समूचे देश में हर जगह दिवाली नहीं मनाई जाती है। हमारे स्कूल की किताबें कई बार हमें प्रत्यक्ष या फिर परोक्ष रूप से भेदभाव करना सिखाती हैं। आदिवासी समुदाय के पर्व, जैसे- सरहुल, भगोरिया आदि के बारे में जब हम पढ़ते हैं तो यह क्यों नहीं बताया जाता है कि ये उत्सव भी भारत देश के प्रमुख त्योहार हैं? क्यों इस पर्व को केवल आदिवासी समुदाय का पर्व बताया जाता है? इस बात से किसी को इनकार नहीं होगा कि भारत देश केवल हिंदू धर्म को मानने वालों का ही नहीं है, बल्कि तमाम दूसरे धर्मों और समुदायों का भी है। आदिवासी बच्चे या गैर-हिंदू बच्चों की मनःस्थिति के बारे में सोचने की जरूरत है कि जब उनकी ही कक्षा में उनके त्योहार को देश का त्योहार नहीं बताया जाता है और किसी खास त्योहार को देश का त्योहार बताया जाता है तो उन्हें कैसा महसूस होता होगा।

एक निजी स्कूल की कक्षा आठ में पढ़ने वाले एक छात्र से मैंने पूछा कि तुम्हारा स्कूल क्यों बंद है, तो उसका जवाब था-'मुझे नहीं मालूम।' मेरे बहुत जोर देने पर उसने कहा कि मुसलिम समुदाय का कोई त्योहार है, इसलिए बंद है। प्रसंगवश यह बताना जरूरी है कि स्कूल ईद के अवसर पर बंद था। अब इस तरह के निबंध को बच्चे पढ़ेंगे तो उस छात्र की तरह अन्य को भी स्कूल के बंद होने का कारण नहीं पता होगा।

मामला केवल किताबों तक ही सीमित नहीं है। हाल ही में झारखंड की राजधानी रांची के एक पुलिस थाने में मेरा जाना हुआ। वहां पता चला कि थाने में अभी-अभी पूर्णिमा का हवन समाप्त हुआ है। कैसे हम सरकारी प्रतिष्ठानों में किसी खास धर्म को इस तरह से मनाने की इजाजत देते हैं। जबकि भारत के संविधान में यह बात स्पष्ट रूप से दर्ज है कि राज्य का अपना कोई धर्म नहीं होगा। तो किसी खास धर्म की पहचान को मुख्य बना कर पेश करना क्या संविधान का उल्लंघन नहीं है? संविधान के उल्लंघन पर किस-किस तरह के कानूनी प्रावधान लागू होते हैं?

हम अक्सर इस बात को टेलीविजन पर देखते हैं कि शिलान्यास आदि के मौके पर या कार्यक्रमों में सरकारी अधिकारी या नेता हिंदू रीति-रिवाज से पूजा करते हैं। दूसरी ओर, वही सभी स्तंभों की ओर से धर्मनिरपेक्ष होने का दावा भी किया जाता है। क्या ऐसी स्थिति में अन्य धर्मों के प्रति समान स्तर पर सम्मान की भावना और व्यवहार की उम्मीद की जा सकती है? निजी मान्यताओं से कुछ भी बाधित नहीं होना चाहिए। एक उदाहरण दिल्ली के पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर देखा जा सकता है, जहां 'भगवद्गीता' किताब को लोगों के देखने के लिए रखा गया है। क्या सरकार और उसकी किसी एजेंसी के द्वारा एक खास धर्म के प्रति इस तरह के सार्वजनिक व्यवहार अन्य समुदायों के बीच बहिष्करण का अहसास नहीं करेंगे? जब इस तरह की सामग्रियां हम बचपन में ही पढ़ने लगते हैं तो बड़े होने पर वही भेदभाव रोजमर्रा की जिंदगी में शामिल होना स्वभाविक है। हमारे स्कूल की किताबों में बड़े बदलाव की जरूरत है और यह बात बच्चों को बतानी होगी कि क्यों निबंधों में इस तरह की पंक्तियां उचित नहीं हैं। तभी शायद हम सही शिक्षा बच्चों को दे पाएंगे और सही अर्थों में एक मजबूत भारत का पाठ तैयार कर पाएंगे।

## संकीर्ण सोच

हाल में जम्मू-कश्मीर पर सरकार के फैसले के बाद भारत के एक बड़े वर्ग की अजीबोगरीब प्रतिक्रिया देखने को मिली। न केवल आम लोग बल्कि नेताओं ने भी ऐसी प्रतिक्रियाएं दीं। मसलन, एक मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शादी के लिए लड़कियां बिहार के बदले जम्मू-कश्मीर से मंगा ली जाएंगी। एक भाजपा विधायक ने कहा कि देश के मुसलमानों को खुश होना चाहिए कि अब उन्हें शादी के लिए आसानी से गोरी लड़कियां कश्मीर से मिल जाएंगी। लोगों के एक वर्ग ने कहा कि अब कश्मीर में जमीन लेकर वहां के संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कश्मीर में फोन लाइन और मोबाइल नेटवर्क बंद होने के कारण होने वाली समस्या पर उन्मादी लोगों ने कहा कि कश्मीर के लोग तो बैलट पेपर पर चुनाव कराना चाहते थे तो मोबाइल फोन बंद होने पर खत का उपयोग क्यों नही कर रहे। ये सारी बातें काफी चटकारे लेकर सुनाई और प्रचारित की जाती रहीं और इसे मजाक कहा गया।

इस तरह की घटनाएं और प्रतिक्रियाएं समाज में और देश में सिर्फ वैमनस्य ही पैदा करती हैं और देश का माहौल खराब होता है। जो लोग इस तरह के अनर्गल और आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं या सोशल मीडिया पर इस तरह का प्रचार कर रहे हैं उन्हें जरा विवेक से काम लेना चाहिए। अगर अपने ही देश में रहने वालों के खिलाफ हम इस तरह की बातें करेंगे तो इससे गलत संदेशा जाएगा। हमें यह समझना होगा कि कश्मीर के लोग भी हमारे हैं, केवल भूभाग पर अधिकार से अपनत्व नहीं आता और इतिहास इसका साक्षी है।

● *विश्वामित्र राज, राजगीर (बिहार)*

## मदद और सवाल

भारतीय रिजर्व बैंक के चौरासी साल के इतिहास में पहली बार अपने आरक्षित कोष से एक लाख छिहत्तर हजार करोड़ रुपए निकाल कर केंद्र सरकार को देने का फैसला किया है, ताकि देश की डगमगाती आर्थिक स्थिति को दुरस्त किया जा सके। हालांकि सरकार रिजर्व बैंक से पैसे लेने के लिए लंबे समय से दबाव बना रही थी। देश के कुछ बड़े अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस तरह के कदम से भारतीय रिजर्व बैंक की साख पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। सवाल तो यह है कि इस बात की क्या गारंटी है कि पिछले पांच साल में भारतीय अर्थव्यवस्था जिस तरह से तहस-नहस हुई है, वह इस तरह की मदद से पटरी पर आ जाएगी। इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता कि कहीं भारत भी दूसरा अर्जेंटीना न बन जाए।

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## सही फैसला

फिलहाल अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही है। इसलिए रिजर्व बैंक की ओर से वित्तीय रूप से सरकार के हाथ मजबूत करने की पहल को उपयुक्त समय पर उठाया गया कदम ही कहा जाएगा। यदि अर्थव्यवस्था की सुस्ती और गहराने के बाद रिजर्व बैंक की ओर से सरकार को 1,76,051 करोड़ रुपए हस्तांतरित करने का फैसला किया जाता तो शायद अनुकूल नतीजे हासिल करने में मुश्किल होती। रिजर्व बैंक के इस फैसले के बाद देश के कारोबार जगत के साथ-साथ आम जनता के बीच तो एक अच्छा संदेश जाएगा ही, वैश्विक निवेशकों को भी इसका एहसास होगा कि भारत ने आर्थिक सुस्ती को दूर भगाने के लिए कमर कस ली है। रिजर्व बैंक से उम्मीद से अधिक राशि मिलने से केंद्र सरकार को केवल खर्च बढ़ाने में ही मदद नहीं मिलेगी, बल्कि चालू वित्त वर्ष के शेष समय में बुनियादी ढांचे से लेकर सामाजिक क्षेत्र तक में खर्च बढ़ा कर मांग को बल देने में भी सहायता मिलेगी।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह (भागलपुर)*

## वाणी पर संयम बरतें नेता

जागरूक मीडिया के युग में अब राजनेताओं को जरा संभल कर काम करने और सतर्क होकर बात करने की आदत डाल लेनी चाहिए। किसी भी मामले में उतावलेपन और उत्तेजित होने से बचना चाहिए। कहीं ऐसा न हो कि जुबान ही लड़खड़ा जाए और अपना आपा खो बैठें। मजाक या ठिठोली आपस में वे भले ही व्यक्तिगत रूप से कर लें लेकिन सार्वजनिक रूप से उन्हें इन सब बातों से परहेज रखना चाहिए। एक बात और है। दीवारों के भी कान ही नहीं आंख-नाक सब होते हैं। मीडिया में व्यक्ति न सिर्फ सुनता और देखता है बल्कि हर बारीकी को मोबाइल कैमरे से कैद कर लेता हैं। राजनीतिज्ञ किसी भी दल के क्यों न हों आखिर वे हैं तो राजनेता। फिर कम से कम जवाबदार नेता, मंत्री, शासक, प्रशासक को तो बहुत ही सूझ-बूझ से काम लेना चाहिए। यह इसलिए कहने में आ रहा है कि पिछले काफी समय से देखने, सुनने और पढ़ने में आ रहा है कि नेताओं के बोल और व्यवहार दोनों ही कभी-कभी इतने निम्नस्तरीय हो जाते हैं कि उन्हें न तो बयां किया जा सकता है और न ही प्रकाशित और प्रसारित। सरकार और अन्य पार्टी प्रमुखों को ही ये सब बातें संज्ञान में लेनी पड़ेंगी और कठोर कदम उठाने पड़ेंगे, तभी उनकी गिरती छवि को रोका जा सकता है।

● *शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर*

## कुछ तो सबक लें

प्रज्ञा ठाकुर राजनीति के लिए नहीं बनी हैं। पिछली जिंदगी को लेकर उनकी मजबूरी और आदतें न तो उन्हें संयमी सांसद बनने दे रही हैं, न ही साध्वी रहने दे रही हैं। वे न घर की रहीं न घाट की। जब भी वे बोलेंगी, अपने और पार्टी दोनों के लिए संकट खड़ा करती रहेंगी। प्रत्येक दल में ऐसे लोग हैं जो पार्टी लाईन की परवाह किए बिना विवेक विचार आचरण कर संकट खड़ा करते रहते हैं और पार्टी नेतृत्व जैसे-तैसे सफाई देता रहता है। ऐसे माहौल में यदि आप किसी एक पर उंगली उठाते हैं तो चार आपके अपने पर उठती नजर आती हैं।

● *राधेश्याम तांबट, इंदौर*



**नई फिल्म**
- छिछोरे
- ड्रीम गर्ल



**बॉक्स ऑफिस**

| फिल्म | कुल कमाई |
|---|---|
| मिशन मंगल | 171 करोड़ |
| बाटला हाउस | 81.4 करोड़ |
| जबरिया जोड़ी | 16 करोड़ |
| सुपर 30 | 143.55 करोड़ |

• 29 अगस्त तक की कमाई



**जन्मदिन**

| | |
|---|---|
| राजकुमार राव | 31 अगस्त |
| राम कपूर | 1 सितंबर |
| विवेक ओबेरॉय | 3 सितंबर |
| ऋषि कपूर | 4 सितंबर |

# राजिंदर सिंह बेदी थे उर्दू के सदाबहार अफसानानिगार

जाहिद खान

**उर्दू अदब की बात हो और वह राजिंदर सिंह बेदी के नाम के बिना खत्म हो जाए, ऐसा मुमकिन ही नहीं है। बेदी, उर्दू के सदाबहार अफसानानिगार थे। अपनी दिलचस्प कथा शैली और जुदा अंदाजे-बयां की वजह से वे उर्दू अफसानानिगारों में अलग से ही पहचाने जाते हैं। कहानी लिखने में उनका कोई सानी नहीं था। बेदी के कथा साहित्य में जन जीवन के संघर्ष, उनकी आशा-निराशा, मोहभंग और अंदर-बाहर की विसंगतियों पर सशक्त रचनाएं मिलती हैं।**

1 सितंबर, साल 1915 में अविभाजित भारत के लाहौर में जन्मे राजिंदर सिंह बेदी की मातृ भाषा पंजाबी थी, लेकिन उनका सारा लेखन उर्दू में ही मिलता है। राजिंदर सिंह बेदी ने लेखक और फिल्मकार के रूप में खासी मकबूलियत पाई। उनकी पहली कहानी 1936 में आई। 'महारानी का तोहफा' यह कहानी 'अदबी दुनिया' पत्रिका के सालाना अंक में छपी थी। इस कहानी प्रकाशन के तीन साल बाद उनका पहला कहानी संग्रह 'दाना-ओ-दाम' प्रकाशित हुआ। इस कहानी संग्रह से ही उनका नाम उर्दू के बेहतरीन अफसानानिगारों की फेहरिस्त में शुमार होने लगा। सआदत हसन मंटो, कृश्न चंदर की तरह राजिंदर सिंह बेदी के अफसानों के भी चर्चे घर-घर में होने लगे।



जयंती

लाहौर से प्रकाशित होने वाले उस दौर की चर्चित पत्रिकाओं 'हुमायूं' और 'अदबी दुनिया' में उनकी कहानियां प्रमुखता से प्रकाशित होती थीं। 'दाना-ओ-दाम' के बाद बेदी के चार कहानी संग्रह 'गरहन' (साल 1942), 'कोखजली' (1949), 'अपने दुख मुझे दे दो' (1965) 'हाथ हमारे कलम हुए' (1974) और प्रकाशित हुए। उर्दू में ही नहीं बल्कि हिंदी में भी बेदी की किताबों के कई संस्करण अभी तल प्रकाशित हो चुके हैं।

उनकी कहानी कला पर मशहूर शायर फिराक गोरखपुरी अपनी किताब 'उर्दू भाषा और साहित्य' में टिप्पणी करते हुए लिखते हैं, 'बेदी चाहे जिस क्षेत्र को चुनें, वे हमारी अनुभूतियों की कोई ऐसी रग छू देते हैं जिसका दुःख पहले सोया हुआ होता है, लेकिन उनके स्पर्श से पूर्णतः जागृत हो जाता है।' देश और पंजाब के बंटवारे पर बेदी ने 'लाजवंती' लिखी। जब भी बंटवारे पर लिखी कहानियों की बात होगी, 'लाजवंती' की बात जरूर होगी। बेदी की ज्यादातर कहानियों में महिलाओं के दुःख-दर्द, जज्बात और उनकी समस्याएं बड़ी ही संजीदगी से नुंमाया हुई हैं। 'लाजवंती' से लेकर 'युक्लिप्टस', 'बब्बल', 'एक लंबी लड़की' और 'दिवाला' आदि। उनके एक मात्र उपन्यास 'एक चादर मैली सी' के केन्द्र में भी एक औरत ही है। साल 1962 में प्रकाशित इस उपन्यास को साल 1965 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उर्दू अदब के साथ-साथ राजिंदर सिंह बेदी का फिल्मों से भी गहरा नाता रहा। दीगर साहित्यकारों के बनिस्बत वे इस विधा में ज्यादा कामयाब रहे। उनका मानना था, 'फिल्म, लघु कथा के करीब है।' फिल्मों में बेदी को कामयाबी, उनके इसी नजरिए के ही बदौलत मिली। साल 1949 में उन्होंने फिल्म 'बड़ी बहन' से जो फिल्मों में पटकथा व संवाद लिखना शुरू किया, तो फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपनी जिंदगी के आखिर तक वे फिल्मों से जुड़े रहे। उन्होंने कई फिल्मों के संवाद और पटकथाएं लिखीं। उनकी सभी फिल्में एक से बढ़कर एक है। अमिय चक्रवर्ती की 'दाग', सोहराब मोदी की 'मिर्जा गालिब', विमल राय की 'देवदास' व 'मधुमती' ऋषिकेश मुखर्जी की 'अनुराधा', 'अनुपमा', 'सत्यकाम' व 'अभिमान' समेत कई फिल्मों के जानदार और हृदयस्पर्शी संवाद बेदी की कलम से ही निकले। फिल्म 'देवदास' के संवादों में जो सहजता और संवेदनशीलता दिखलाई देती है, वह राजिंदर सिंह बेदी की धारदार कलम का ही कमाल है।

उर्दू-हिंदी पाठकों के दुलारे, बेहतरीन अफसानानिगार, फिल्म संवाद लेखक राजिंदर सिंह बेदी ने 11 नवम्बर, साल 1984 में हमसे अपनी आखिरी विदाई ली।

# एंग्री बर्ड 2- अनुभव मजेदार : कपिल

आरती सक्सेना

**लाखों करोड़ों दर्शकों को हंसाने वाले कपिल शर्मा का शो एक बार फिर नंबर वन पर है। वहीं वे हॉलीवुड कार्टून फिल्म 'एंग्री बर्ड 2' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में कपिल ने रेड नामक किरदार को अपनी आवाज दी है। अपने अब तक के सफर और निजी जिंदगी के बारे में उनका क्या कहना है? ऐसे ही कई सवालों के दिलचस्प जवाब दिए कपिल शर्मा ने ...**



आमने सामने

**सवाल :** पहली बार हॉलीवुड फिल्म 'एंग्री बर्ड 2' मे अपनी आवाज देते नजर आएंगे। इस बारे में बताएं।

● 'एंग्री बर्ड 2' में मैंने रेड नामक किरदार के लिए अपनी आवाज दी है । मैंने इसका पहला भाग देखा था मुझे बहुत ही मजा आया था। लिहाजा जब सोनी की तरफ से मुझे एंग्री बर्ड के दूसरे भाग के लिए अप्रोच किया गया तो मुझे ये काफी दिलचस्प लगा और मैं हामी भर दी। और मैं जहां जाता हूं वहां मैं अपने कॉमेडी परिवार को भी साथ ले जाता हूं। लिहाजा अर्चना पूरन सिंह और कीकू शारदा ने भी इस फिल्म में अपनी आवाज दी है।

**सवाल :** पहली बार डबिंग करने का अनुभव कैसा था?

● मुझे लगा था कि मुझे कार्टून की तरह आवाज निकालनी है। इसलिए जब मैं पहली बार एंग्री बर्ड के लिए डबिंग करने गया तो मैं कार्टून जैसी आवाज निकालने लगा। तब उन लोगों ने मुझसे कहा कि मुझे कार्टून जैसी आवाज नहीं निकालनी है बल्कि अपनी ही आवाज देनी है। सो मेरे लिए यह काम और आसान हो गया। हमने अपनी आवाज के जरिए एंग्री बर्ड को मनोरंजक बनाना था। सो हमने डबिंग के दौरान वो सभी बातें बोली जो आज की जिंदगी में बोली जाती है। इसमें कई कॉमेडी पंच भी थे सो बहुत मजा आया।

**सवाल :** आपके हर शो में आपकी मां साथ होती हैं लिहाजा आपने एक अच्छे बेटे होने का फर्ज तो पूरा कर दिया। साथ ही आपने एंग्री बर्ड के जरिए एक अच्छे पिता होने का भी फर्ज पूरा कर दिया। बेटे के आने से पहले ही आप कार्टून फिल्म में अपनी आवाज देने लगे?

● लड़का होगा या लड़की ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा। बस मैं तो यही चाहता हूं कि जो भी हो वो स्वस्थ हो। जहां तक बच्चे के लिए कार्टून फिल्म से जुड़ने का सवाल है तो ये तकदीर सब कुछ अपने आप ही करवा देती है। मेरा बच्चा जब बड़ा होगा तो शुरुआत में वह ऐसी ही कार्टून फिल्म देखेगा। लिहाजा जब वह समझदार होगा तो मैं उससे कहूंगा कि बासू ये मैं हूं जो रेड के रूप में फिल्म में आवाज निकाल रहा है। उसको भी अपने पापा पर गर्व और खुशी होगी।

**सवाल :** आपने हॉलीवुड की अंग्रेजी वर्जन में अपनी आवाज नहीं दी, इसकी खास वजह ?

● अरे कोई बुलाएगा तभी तो जाएंगे। ऐसे ही थोड़े ही घुस जाएंगे। और फिर इससे पहले जो फिल्में ऑफर हुई वे अंग्रेजी में थी और आपको तो पता है कि अंग्रेजी में मेरा हाथ तंग है। हिन्दी में एंग्री बर्ड करने का अलग ही मजा आया। वैसे भी हिन्दी वर्जन को इतना ज्यादा पसंद किया जा रहा है कि दर्शक सपरिवार एक साथ ये फिल्म देखने जा रहे हैं।

**सवाल :** फिल्म 'फिरंगी' की असफलता के बाद क्या भविष्य में आप फिल्में करेंगे ?

● हां क्यों नहीं। भले ही मेरी फिल्म फ्लॉप हो गई है लेकिन मेरे इरादे बुलंद हैं। मैं भविष्य में और फिल्मों में जरूर काम करूंगा। मुझे पूरा यकीन है कि फिल्मों में भी मेरा एक ना एक दिन सितारा जरूर चमकेगा।

**सवाल :** हाल ही में आपका नाम लंदन के वर्ल्ड बुक ऑफ रेकॉर्ड में दर्ज किया गया। आपके लिए पुरस्कार कितने मायने रखते हैं?

● जब आपको कोई पुरस्कार सम्मान मिलता है तो काम के प्रति आपका उत्साह दुगना हो जाता है ऐसा ही कुछ मेरे साथ तब हुआ जब कई सारे पुरस्कारों के साथ मेरा नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रेकार्ड में दर्ज किया गया। मेरे परिवार वालों को मेरी इस उपलब्धि से बहुत खुशी हुई।

**सवाल :** क्या सही में आपकी अंग्रेजी कमजोर है या फिर आप सबको हंसाने के लिए ऐसा करते हैं ?

● नहीं वाकई मुझे अंग्रेजी अच्छी बोलनी नहीं आती थी। मैं शुरुआती दिनों में बहुत टूटी-फूटी अंग्रेजी बोलता था। लेकिन अब मुंबई आकर लोगों से मिल-मिल कर मेरी अंग्रेजी काफी सुधर गई है। नाओ आई कैन टॉक इंग्लिश आई कैन वॉक इंग्लिश।

**सवाल :** आपके शो की बाग डोर सलमान खान ने उस वक्त संभाली जब आप काफी बुरे दौर से गुजर रहे थे। सलमान जैसे शुभ चिंतक और अच्छे दोस्त के बारे में आपका क्या कहना है?

● सलमान भाई तो सबकी मदद करते हैं। वे पूरी इंडस्ट्री के भाई जान हैं। उन्होंने सिर्फ मेरी ही नहीं बल्कि कई सारे लोगों की मदद की है। तभी तो इंडस्ट्री उनको भाई जान कहती है। मैं भी सलमान भाई का हमेशा शुक्रगुजार रहूंगा जो उन्होंने मेरे बुरे वक्त में मेरा साथ दिया।

# सत्रीय नृत्य में आती है पूर्वोत्तर की सुगंध

शशिप्रभा तिवारी

पूर्वोत्तर सांस्कृतिक सौंदर्य में भी अनूठा है। ऐसा ही अनोखा है असम का सत्रीय नृत्य। इस नृत्य को अभी हाल ही में संगीत नाटक अकादमी की ओर से शास्त्रीय नृत्य की एक और शैली के रूप में मान्यता मिली है। अब इसे कलाकार विभिन्न मंचों पर लुभावने अंदाज में पेश करते हैं। इसी संदर्भ में सत्रीय बैठक का आयोजन किया गया।



नृत्योत्सव

पहले दो दिवसीय कार्यशाला में गुरु जतीन दास ने सत्रीय नृत्य की तकनीकी पक्ष से परिचित करवाया। पद संचालन, स्थान एवं स्थिति, हस्तकों के बारे में बताया। कथक नृत्य की तरह ही सत्रीय में भी कलाकार जब मंच पर प्रवेश करता है तो उसे स्थान कहते हैं और जब वह सम पर आता है तो उसे स्थिति कहते हैं।

सत्रीय नृत्य नवधा भक्ति की तरह है इसमें नामघर में गुरु के आसन के समक्ष शिष्य नाम प्रसंग का वर्णन व गायन करता है। समारोह के दौरान मीनाक्षी मेदी और अन्य प्रशिक्षुओं ने सत्रीय नृत्य की तकनीकी बारीकियों में चाली और ओजा पाली पेश किया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में सत्र और असम के सत्रीय नृत्य पर चर्चा की गई। सत्रीय नृत्यांगना मीनाक्षी मेदी ने सत्रीय नृत्य की बारीकियों की चर्चा की। इसके अलावा, गुरु जतिन गोस्वामी, ओडिशी नृत्यांगना शेरॉन लॉवेन, कथक नृत्यांगना निशा महाजन, असम के देबाशीष और गीतार्थ दर्शन बरुआ ने सत्रीय नृत्य के स्थितियों पर चर्चा की।

सत्रीय नृत्य गुरु जतिन गोस्वामी ने कहा कि सत्रीय नृत्य को इक्कीसवीं सदी के आरंभ में बतौर शास्त्रीय नृत्य परंपरा मान्यता प्रदान की गई। माना जाता है कि इस नृत्य की शुरुआत 15वीं शताब्दी में वैष्णव संप्रदाय के संत श्रीमंत शंकर देव ने की थी। जबकि अंकीय नाट की शुरुआत श्रीमंत शंकर देव के शिष्य श्रीमंत माधवदेव ने की। एक शरण धर्म यानि सत्र के प्रांगण में सत्रीय नृत्य को सत्र में रहने वाले ब्रह्मचारी शिष्य करते थे। वे सहज रूप में नाट्यशास्त्र, अभिनय दर्पण और संगीत रत्नाकार जैसे शास्त्रों के मार्ग का अनुसरण अपने नृत्य और नाट्य में करते थे।

इस परिचर्चा में ओडिशी नृत्यांगना शेरॉन लॉवेन ने कहा कि इसे स्कूलों और मंदिरों में प्रस्तुत कर लोकप्रिय बनाया जा सकता है। कथक नृत्यांगना निशा महाजन ने कहा कि यह नृत्य सत्र के गर्भ गृह से निकलकर मंच तक आया है। इसे कलाकारों को तय करना है कि वह इसे किस रूप में दर्शकों के सामने रखना चाहते हैं। इस दौरान देबाशीष मोहंता ने कहा कि नामकीर्तन और भावना के प्रति लोगों में जागरूकता है, पर इसे और लोकप्रिय बनाने की जरूरत है। जबकि गीतार्थ दर्शन ने कहा कि सत्रीय नृत्य की परंपरा को महानगरों में पोषित करने की जरूरत है।


शैलेंद्र (30 अगस्त, 1923- 14 दिसंबर, 1966)

# एक गाने के पीछे की कहानी

गणेशनंदन तिवारी

हमारी याद आएगी

**एक फिल्म पुरस्कार समारोह के दौरान 1964 में सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार साहिर लुधियानवी को 'जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा..' (ताजमहल) के लिए मिला। स्टेज पर साहिर ने कहा कि इसके हकदार हैं शैलेंद्र है, जिनका 'बंदिनी' में लिखा गीत 'मत रो माता लाल तेरे बहुतेरे...' देशप्रेम पर लिखा अब तक का सर्वश्रेष्ठ गीत है। साहिर ने शैलेंद्र को स्टेज पर बुलाया और पुरस्कार उनके साथ शेयर किया था। आज शैलेंद्र की 96वीं जयंती है।**



'तीसरी कसम' (1966) बनाना गीतकार शैलेंद्र के लिए 'आ बैल मुझे मार' जैसा था। फिल्म बनते बनते वह इसके लेखक फणीश्वरनाथ रेणु और निर्देशक बासु भट्टाचार्य से बोलचाल बंद कर चुके थे। राज कपूर से उनके रिश्तों में तनाव आ चुका था। घर गिरवी रखना पड़ा था। बासु भट्टाचार्य के कारण तो उन्हें बिमल राय और एसडी बर्मन के कोप का सामना करना पड़ा था और उनकी 'बंदिनी' (1963) छोड़नी पड़ी थी। शैलेंद्र ने 'बंदिनी' छोड़ी तब फिल्म का एक गाना लिखा जाना बाकी था। गुलजार ने यह बचा हुआ गाना लिखा जिसके बोल थे, 'मोरा गोरा रंग लई ले, मोहे श्याम रंग दई दे...'

बर्मनदा और शैलेंद्र के बीच अगर मतभेद थे, तो बिमल राय इसे सुलझा सकते थे। वे फिल्म के निर्माता थे। मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया जबकि बिमल राय और शैलेंद्र लंबे समय से साथ काम कर रहे थे। बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' (1953) में 'धरती कहे पुकार के बीज बिछा ले प्यार के...' जैसे गाने से शैलेंद्र और राय का रिश्ता बना था। राय के कहने पर उनकी फिल्म 'परख' के संवाद भी शैलेंद्र ने लिखे थे। तभी वह बासु भट्टाचार्य के करीब आए थे, जो 'परख' में बिमल राय के चौथे नंबर के असिस्टेंट थे। बासु सांताक्रुज के एक पुराने बंगले में रहते थे, जिसका 70 रुपया महीना किराया भी भर नहीं पाते थे। यह पैसा शैलेंद्र भरते थे। 'परख' के दौरान बासु बिमल राय के घर आते जाते थे।

बिमल राय की बेटी रिंकी और बासु में प्यार हो गया। खबर लगते ही बिमल राय परेशान हो गए। उन्हें यह रिश्ता पसंद नहीं था। मगर रिंकी और बासु इतने आगे बढ़ गए थे कि उनका पीछे लौटना मुमकिन नहीं था। लिहाजा 1963 की जनवरी में पत्र लिख कर घर छोड़ने के बाद रिंकी ने बासु से शादी कर ली।

बिमल राय को लगा कि उनका सारा अस्तित्व ही हिल गया। इस वाकए ने उन्हें इतना तोड़ दिया कि कई दिनों तक वह मोहन स्टूडियो नहीं गए, जहां 'बंदिनी' की शूटिंग चल रही थी। जीवन भर बिमल राय ने इस रिश्ते को मान्यता नहीं दी। बासु भट्टाचार्य का नाम तक सुनना उन्हें पसंद नहीं था। उनसे जुड़ी हर चीज को वह अपने से दूर रखना चाहते थे। जबकि बासु से शैलेंद्र अपनी फिल्म बनवा रहे थे। उन्हें सहारा दे रहे थे।

बासु ने बांद्रा में किराये का घर लिया, जिसका किराया शैलेंद्र को चुका रहे थे और तीसरी कसम में शैलेंद्र ने बासु को एक तिहाई भागीदारी तक दे दी थी। जिस बासु को बिमल राय ने कभी माफ नहीं किया, उस बासु शैलेंद्र सपोर्ट कर रहे थे। बिमल राय जब भी शैलेंद्र को देखते उन्हें बासु भट्टाचार्य की याद आ जाती और वह असहज हो जाते थे। शैलेंद्र यह बात महसूस कर रहे थे। बिमल राय, बर्मनदा और शैलेंद्र के रिश्तों में अब वह गर्मी नहीं रह गई थी। शैलेंद्र समझ गए थे कि यह हालात इसलिए बने हैं क्योंकि बासु उनकी फिल्म 'तीसरी कसम' के निर्देशक हैं। नतीजा यह हुआ कि शैलेंद्र ने बासु भट्टाचार्य से बात करना बंद कर दिया। एसडी बर्मन से मतभेद के कारण शैलेंद्र को 'बंदिनी' छोड़नी पड़ी थी, फिल्म इंडस्ट्री में यही बात प्रचारित हुई थी। मगर बर्मनदा और शैलेंद्र के रिश्तों में इतनी तल्खी नहीं थी। अगर होती तो बर्मनदा शैलेंद्र से इसके बाद 'गाइड' (1966) के गाने नहीं लिखवाते।

## खबर कोना

### इंदिरा गांधी की बायोपिक में होंगी विद्या बालन



बॉलीवुड के एक के बाद एक कलाकार वेब सीरीज में एंट्री कर रहे हैं। वहीं इस सूची में अब विद्या बालन का नाम भी शामिल हो गया है। विद्या बालन वेब सीरीज में इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। इस वेब सीरीज का निर्देशन रितेश बत्रा कर रहे हैं। 'द लंच बॉक्स' और 'फोटोग्राफ' से चर्चा में आए रितेश बत्रा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर आधारित वेब सीरीज का निर्देशन करेंगे। सुनने में आया है कि विद्या ने सागरिका घोष की लिखी किताब 'इंदिरा: इंडियाज मोस्ट पावरफुल प्राइम मिनिस्टर' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह वेब सीरीज इसी किताब पर आधारित है। पिछले दिनों विद्या बालन ने वेब सीरीज में काम करने की बात स्वीकारते हुए कहा था कि मैं पहली बार किसी वेब सीरीज में अभिनय कर रही हैं। यह मेरी पहली वेब सीरीज है। फिलहाल विद्या अपनी फिल्म मिशन मंगल की बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई से बेहद खुश हैं।

### 'लाल कप्तान' अक्तूबर में होगी रिलीज



बॉलीवुड के नवाब सैफ अली खान के प्रशंसकों को उनकी फिल्म 'लाल कप्तान' के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। सैफ की एपिक एक्शना ड्रामा फिल्म 'लाल कप्तान' अब 11 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म छह सितंबर को रिलीज होनी थी। 'एनएच 10' से प्रसिद्धि पाने वाले नवदीप सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। सैफ ने इस फिल्म में एक नगा साधु का किरदार निभाया है। 'इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक सुनील लल्ला और फिल्मकार आंनद एल राय भी इस फिल्म को छह सितंबर को रिलीज करना चाहते थे। कारण कि छह सितंबर सैफ अली खान का जन्मदिन है। फिल्मकार आनंद एल. राय ने कहा, 'एक टीम के तौर पर सैफ के जन्मदिन पर लाल कप्तान की रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए हम खुश हैं।'

### 'करगिल गर्ल' की मुख्य भूमिका में जाह्नवी कपूर



धड़क से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाली जाह्नवी कपूर 'गुंजन सक्सेना- द करगिल गर्ल' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। फिल्म के निर्माता करण जौहर ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। यह फिल्म भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ऑफिसर गुंजन सक्सेना के जीवन पर आधारित है। करण जौहर ने ट्वीट किया 'उन्हें बताया गया था कि लड़कियां पायलट नहीं बनतीं, लेकिन वे उड़ान भरने की अपनी चाह पर अड़ी रहीं। गुंजन सक्सेना-#द करगिल गर्ल 13 मार्च, 2020 को रिलीज होगी।' 'अदम्य साहस और बहादुरी के साथ उन्होंने पुरुष के दबदबे वाली इस दुनिया में अपना प्रभाव जमाया।'

### कॉमेडी करने की भरपूर कोशिश की है : जॉन अब्राहम



बॉलीवुड के हैंडसम जॉन अब्राहम की फिल्म बाटला हाउस बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म को लेकर उनकी वाहवाही भी खूब हो रही है। वहीं सुनने में आ रहा है कि कुछ सालों से फिल्मों में एक्शन अवतार में नजर आने वाले जॉन अब्राहम पर्दे पर कॉमेडी करते नजर आएंगे। जॉन इस साल के अंत में फिल्म 'पागलपंती' में कॉमेडी करते दिखेंगे। जॉन ने कहा, 'अंतिम बार जब मैंने कॉमेडी की थी तो वे 'वेलकम बैक' थी और 'पागलपंती' में आप मेरे हाव-भाव देखेंगे तो आपको विश्वास नहीं होगा कि मैं वही जॉन हूं। इसमें आपको साफ बदलाव महसूस होगा।' इस फिल्म में जॉन और अनीश बज्मी एकबार फिर से साथ आ रहे हैं। बज्मी ने 'वेलकम बैक' फिल्म का निर्देशन किया था। फिल्म में अनिल कपूर, इलियाना डी क्रूज, अरशद वारसी, पुलकित सम्राट, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला और सौरभ शुक्ला हैं। फिल्म आठ नवंबर को रिलीज होगी।

# 11 न्यायाधीशों वाले पीठ ने निलंबित किया एकल न्यायाधीश के आदेश को

पटना, 29 अगस्त (भाषा)।

पटना हाई कोर्ट की 11 न्यायाधीशों के पीठ ने एक अभूतपूर्व कार्रवाई में एक दिन पहले एक न्यायाधीश द्वारा पारित एक आदेश को गुरुवार को निलंबित कर दिया, जिसमें उन्होंने हाई कोर्ट और संपूर्ण न्यायिक प्रणाली में कथित जातिवाद और भ्रष्टाचार पर अपनी चिंता व्यक्त की थी।

बिहार के महाधिवक्ता ललित किशोर ने बताया कि न्यायमूर्ति राकेश कुमार ने बुधवार को पारित अपने एक आदेश में हाई कोर्ट और संपूर्ण न्यायिक प्रणाली में कथित जातिवाद और भ्रष्टाचार पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। आदेश में सेवानिवृत्त हो गए या जिनका निधन हो गया है, ऐसे पूर्व न्यायाधीशों के खिलाफ भी कुछ प्रतिकूल टिप्पणी की गई थी।

उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायाधीश एपी शाही ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 11 न्यायाधीशों वाले एक पीठ का गठन किया और उनकी अगुआई वाले इस पीठ ने गुरुवार को एकल न्यायाधीश के आदेश की घोर निंदा करते हुए कहा कि यह न्यायिक पदानुक्रम, सत्यनिष्ठा और अदालत के गौरव पर हमले के समान है। इसके बाद पीठ ने आदेश को निलंबित कर दिया।

**पटना हाई कोर्ट**

**● न्यायमूर्ति राकेश कुमार ने बुधवार को पारित अपने एक आदेश में हाई कोर्ट और संपूर्ण न्यायिक प्रणाली में जातिवाद और भ्रष्टाचार पर अपनी चिंता व्यक्त की थी। मुख्य न्यायाधीश एपी शाही ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 11 न्यायाधीशों वाले एक पीठ का गठन किया और उनकी अगुआई वाले इस पीठ ने गुरुवार को एकल न्यायाधीश के आदेश की घोर निंदा करते हुए कहा कि यह न्यायिक पदानुक्रम, सत्यनिष्ठा और अदालत के गौरव पर हमले के समान है।**

महाधिवक्ता ने कहा कि 11 न्यायाधीशों वाले पीठ ने यह भी फैसला किया कि एकल न्यायाधीश के आदेश की सामग्री को कहीं भी संप्रेषित नहीं किया जाएगा और उसके आदेश को आगे की कार्रवाई के लिए प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के पास रखा जाएगा। न्यायमूर्ति कुमार ने उक्त आदेश भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी पूर्व आइएएस अधिकारी केपी रमैया को एक सतर्कता अदालत द्वारा जमानत दिए जाने पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दिया था।

न्यायमूर्ति कुमार ने 23 मार्च 2018 को रमैया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद सतर्कता अदालत में आत्मसमर्पण करने पर उनको जमानत मिली थी। इससे पहले पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अदालत की रजिस्ट्री में प्रकाशित एक नोटिस में कहा गया था कि न्यायमूर्ति कुमार के समक्ष लंबित सभी मामले तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाते हैं और कोर्ट मास्टर को यह निर्देश दिया जाता है कि वह बताएं कि किन परिस्थितियों में निष्पादित किया जा चुका मामला अदालत के समक्ष सुनवाई के लिए लाया गया।

# जन आंदोलन बने फिटनेस : प्रधानमंत्री

पेज 1 का बाकी

बने। देश के हर गांव, पंचायत और स्कूलों तक इसे पहुंचाना होगा।'

मोदी ने बदलती जीवनशैली को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि मोबाइल ऐप पर टिकी फिटनेस से काम नहीं चलने वाला। उन्होंने कहा, 'कुछ दशक पहले तक हम पैदल चलने, साइकलिंग या शारीरिक श्रम से पीछे नहीं हटते थे लेकिन तकनीक ने हमें आलसी बना दिया। बीमारियों की संख्या बढ़ती जा रही है जो चिंता का सबब है और इससे निजात पाने के लिए हमें जीवनशैली बदलनी होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इन बदलावों के लिए समूचे देश को प्रेरित करने का नाम ही 'फिट इंडिया आंदोलन' है।

उन्होंने दुनिया के अग्रणी देशों में चल रहे फिटनेस अभियान का हवाला देते हुए कहा कि चीन 'हेल्दी चाइना 2030' के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है। आस्ट्रेलिया ने 2030 तक अपने 15 फीसद नागरिकों को व्यायाम में सक्रिय बनाने का लक्ष्य रखा है। ब्रिटेन में 2020 तक पांच लाख नए लोग व्यायाम से जुड़ेंगे जबकि अमेरिका 2021 तक करीब 1000 शहरों को फ्री फिटनेस अभियान से जोड़ेगा।' मोदी ने कहा, 'दुनिया के सभी देशों में जागरूकता बढ़ी है। भारत में भी कुछ लोगों को नहीं बल्कि देश के हर नागरिक को फिट होना होगा जबकि श्रेष्ठ और सशक्त भारत बनेगा।' उन्होंने लोगों से अपने पसंदीदा आइकन का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'आपके जो भी आदर्श हों चाहे खिलाड़ी, बॉलीवुड स्टार या उद्योगपति, सफल लोगों का आम स्वभाव फिटनेस पर उनका भरोसा है। जो फिट है, वह हिट है और बाडी फिट तो माइंड हिट। मैं फिट तो इंडिया फिट को अपना मूलमंत्र बनाना होगा।'

# विदेश मंत्रालय ने कहा, हमारे अंदरूनी मामलों में टिप्पणी न करे पाक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

पाकिस्तानी नेताओं के भड़काऊ और गैरजिम्मेदाराना बयानों को लेकर विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कड़ी टिप्पणी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान का मकसद क्षेत्र में माहौल खराब करना है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत में हिंसा भड़काने और जिहाद की अपील कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी नेतृत्व के अति गैर-जिम्मेदाराना बयानों की भर्त्सना करते हुए उसे भारत के अंदरूनी मामलों पर टिप्पणी न करने की नसीहत दी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम भारत के अंदरूनी मामलों के बारे में पाकिस्तानी नेतृत्व के अति गैर-जिम्मेदाराना बयानों की कड़ी भर्त्सना करते हैं। पाकिस्तान से 40-50 बयान आ चुके हैं। ये ऐसे बयान हैं, जो बेहद गैर जिम्मेदाराना हैं। इनका मकसद क्षेत्र में गंभीर स्थिति का माहौल पेश करना है। भारत इन बयानों की कड़ी निंदा करता है। साथ ही उम्मीद करता है कि वह भारत में हिंसा के लिए उकसाना, आतंकवाद फैलाना और घुसपैठ कराना बंद करके सामान्य पड़ोसी जैसी व्यवहार करेगा।'

रवीश कुमार ने कहा कि पाकिस्तानी नेतृत्व मामले को तूल देना चाहता है, ताकि दुनिया को लगे कि कुछ हो रहा है। लेकिन वास्तव में स्थिति अलग है, ऐसा कुछ हो ही नहीं रहा है। पाकिस्तान की ओर से जो भी कहा जा रहा है, वह झूठ और मनगढंत है। एक सवाल पर रवीश कुमार ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को सरकारी नीति के हिस्सा के रूप में इस्तेमाल कर रहा है।

# भाजपा के सदस्यों की संख्या 18 करोड़

पेज 1 का बाकी

अधिक रहा। उन्होंने कहा कि पार्टी की ऑनलाइन सदस्यता 5,81,34,242 रिकॉर्ड की गई जो हमारी पूर्व सदस्य संख्या की तुलना में 50 फीसद से भी अधिक है।

ऑफलाइन फॉर्म के माध्यम से 62,34,967 नए सदस्य जुड़े हैं। इस सदस्यता अभियान के दौरान बने पार्टी के नए सदस्यों की कुल संख्या 7 करोड़ के लगभग होगी। नए सदस्यों के जुड़ने के साथ ही अब भाजपा के लगभग 18 करोड़ सदस्य हो गए हैं। विश्व में अभी केवल सात ही देश ऐसे हैं जिनकी जनसंख्या भाजपा के सदस्यों की संख्या से अधिक है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता के लिए 1,85,965 विस्तारकों ने 7 दिन तक लगातार बूथ, मंडल और जिला स्तर पर कार्य किया।

# राज्यसभा उपचुनाव 23 सितंबर को

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश से दो राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव की गुरुवार को घोषणा की। ये सीटें भाजपा में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी के सदस्यों के इस्तीफा देने के कारण रिक्त हो गई थीं। उपचुनाव 23 सितंबर को होगा और मतगणना भी उसी शाम होगी। आयोग ने कहा कि उपचुनाव संबंधी अधिसूचना पांच सितंबर को जारी की जाएगी। इस माह की शुरुआत में संजय सेठ और सुरेंद्र सिंह नागर ने सपा व राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। उच्च सदन में उनका कार्यकाल सात जुलाई, 2022 को समाप्त होने वाला था।

# करतारपुर गलियारे के उद्घाटन पर बैठक आज

पेज 1 का बाकी

लेकर चर्चा होगी। दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच यह पहला वीजा मुक्त गलियारा होगा। दूसरी तरफ, पाकिस्तान ने कहा है कि नवंबर में गुरु नानक की 550वीं जयंती समारोह में भाग लेने की योजना बना रहे भारत और अन्य देशों के तीर्थयात्रियों के लिए एक सितंबर से एक महीने तक वीजा जारी करने संबंधी कार्रवाई करेगा। पाकिस्तान और भारत गुरु नानक के 550वें प्रकाश पर्व के मौके पर 12 नवंबर को लाहौर से करीब 125 किलोमीटर दूर नारोवाल में गलियारे के उद्घाटन के संबंध में तौर-तरीकों पर विचार करेंगे।

सिखों के बेहद पवित्र तीर्थस्थलों में से एक करतारपुर साहिब गुरुद्वारा भारतीय सीमा से महज चंद किलोमीटर की दूरी पर पाकिस्तान में स्थित है। यह गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर में दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा। सिख तीर्थयात्रियों को करतारपुर साहिब जाने के लिए केवल अनुमति लेनी होगी। करतारपुर साहिब की स्थापना गुरु नानक देव ने 1522 में की थी।

# मेंढर में स्कूल पर की पाक फौज ने गोलाबारी

पेज 1 का बाकी

से गोले दागे। मेंढर सेक्टर में गोलाबारी के दौरान पड़ोसी मुल्क ने बेहद कायराना हरकत की। पाकिस्तानी चौकियों से एक स्कूल को निशाना बनाकर गोले दागे गए। इस दौरान सैकड़ों बच्चे स्कूल में ही फंस गए। जवाब में भारतीय सेना ने भी जमकर गोलाबारी की। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, पाकिस्तान की ओर से गुरुवार सुबह 11:30 बजे पहले गोलाबारी शुरू की गई। फिर मोर्टार के गोले दागे गए। गोले स्कूल के आसपास गिरे। इस दौरान बच्चे स्कूल में फंसे रहे। सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी और जमकर गोलीबारी की। स्कूल में फंसे सभी बच्चों को सावधानी से सुरक्षित निकाल लिया गया। प्रवक्ता के अनुसार पुंछ और राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान सेना की ओर से लगातार तीसरे दिन संघर्षविराम का उल्लंघन किया गया।

# धनशोधन मामले में चिदंबरम की अपील पर फैसला पांच को

पेज 1 का बाकी

बोपन्ना के पीठ ने आइएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में चिदंबरम को गिरफ्तारी से मिले संरक्षण की अवधि भी पांच सितंबर तक बढ़ा दी है। इस बीच, पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय को वे दस्तावेज और सामग्री सीलबंद लिफाफे में पेश करने का निर्देश दिया है जिसे वह इस मामले में अदालत के अवलोकन के लिए देना चाहता था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सोमवार तक सीबीआइ की हिरासत में रहने की अदालत में पेशकश की। लेकिन पीठ ने इस पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया क्योंकि महान्यायवादी तुषार मेहता का कहना था कि हिरासत की अवधि तो सिर्फ सीबीआइ अदालत ही बढ़ा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस सवाल पर निर्णय लेगी कि क्या उसे प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सीलबंद लिफाफे में पेश दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहिए।

इससे पहले दिन में सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की ओर से महान्यायवादी तुषार मेहता ने अदालत में बहस करते हुए कहा कि धनशोधन समाज और राष्ट्र के खिलाफ अपराध है और आइएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए पूर्व वित्त मंत्री से हिरासत में पूछताछ करने की आवश्यकता है। मेहता ने पीठ से कहा कि वह फिलहाल चिदंबरम से जांच के दौरान जुटाई गई सामग्री को नहीं दिखा सकता क्योंकि धन किन-किन हाथों से गुजरा, इससे जुड़े साक्ष्य को नष्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अग्रिम जमानत के स्तर पर आरोपी को सामग्री, सूत्र और साक्ष्य दिखाने की कोई जरूरत नहीं है और जांच करना जांच एजंसी का विशेषाधिकार वाला क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि धनशोधन समाज और राष्ट्र के खिलाफ अपराध है और समूची साजिश का पता लगाना जांच एजंसी का अधिकार और कर्तव्य है। मेहता ने कहा कि शीर्ष अदालत लगातार कहती रही है कि आर्थिक अपराध गंभीर से गंभीरतम प्रकृति के हैं, भले ही उनके लिए सजा कुछ भी निर्धारित हो।

# बिहार से दिल्ली तक लालटेन जलाने की तैयारी में राजद

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

लोकसभा चुनाव में बिहार के अपने सियासी गढ़ में चारों खाने चित होने के बाद सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की अगुआई वाला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नए सिरे से अपने रुठे मतदाताओं को मनाने की कवायद में जुट गया है। लोकसभा चुनाव के बाद से सियासी परिदृश्य से गायब हुए पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने फिर से कमान संभाल ली है। अगले साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कुछ ही महीनों बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा के चुनाव में किस्मत आजमाने की तैयारी में है।

राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व बिहार विधान परिषद के सदस्य कमर आलम ने कहा कि यह झूठ फैलाया गया कि पार्टी नेता व बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में ही थे और कुछ जरूरी काम में व्यस्त होने की वजह से पार्टी की गतिविधियों में अपेक्षाकृत कम शिरकत कर पा रहे थे। लेकिन अब उन्होंने पूरी तरह कमान संभाल ली है और पार्टी संगठन को नए सिरे से चुस्त दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में पार्टी मजबूत बनकर उभरेगी। दिल्ली में पार्टी के नए अध्यक्ष बनाए गए मनोज चौधरी ने कहा कि दिल्ली वे आसपास के क्षेत्रों में राजद के संगठन को मजबूत किया जाएगा और पार्टी दिल्ली विधानसभा के चुनाव में अपनी किस्मत जरूर आजमाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की 70 सीटों पर मुकाबला अकेले करना है अथवा बिहार में पार्टी की सहयोगी कांग्रेस के साथ करना है, यह पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा लेकिन दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ने को लेकर कोई संशय की स्थिति नहीं है।

# दिल्ली छोड़ कर केरल जाने की चाको की चाहत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मिलकर आग्रह किया है कि उन्हें दिल्ली की जवाबदेही से मुक्त किया जाए क्योंकि उनको सूबे में कांग्रेस का प्रभार देखते करीब साढ़े चार साल का लंबा अर्सा पूरा हो चुका है। चाको ने कांग्रेस अध्यक्ष से यह इच्छा भी जताई है कि वे अपने गृह प्रदेश केरल की राजनीति में पार्टी को मजबूत करने में योगदान देना चाहते हैं। ऐसे संकेत हैं कि दिल्ली में नए कांग्रेस अध्यक्ष के साथ साथ अब नए प्रभारी की भी नियुक्ति की जा सकती है।

दिल्ली की जिम्मेदारी छोड़ने संबंधी आग्रह को लेकर पूछने पर चाको ने कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात कर उनसे आग्रह किया कि उनको दिल्ली की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया जाए। चाको ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष से उन्होंने यह भी आग्रह किया कि उन्हें केरल में पार्टी को मजबूत करने का अवसर दिया जाए। गृह प्रदेश होने की दलील देते हुए उन्होंने गांधी से कहा कि वहां पर वे पार्टी के लिए और ज्यादा मजबूती से काम कर सकेंगे।

कांग्रेस के प्रभारी चाको ने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को कोई चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि यह जरूर सही है कि उन्होंने खुद कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात कर उनसे कहा है कि दिल्ली में काम करते साढ़े चार साल हो गए, लिहाजा अब उन्हें पदमुक्त किया जाए।

दिल्ली विधानसभा के आगामी चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस हाईकमान सबसे पहले दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की कवायद में जुटा है। सूबे की पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष पद संभाल रही शीला दीक्षित के पिछले दिनों निधन के बाद से यह पद खाली पड़ा है। अब चाको के पद छोड़ने के आग्रह के बाद पार्टी को दिल्ली में नया प्रभारी भी नियुक्त करना पड़ेगा। समझा जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी अगले कुछ दिनों में इस मुद्दे पर फैसला कर सकती हैं।

दिल्ली के प्रभारी के तौर पर चाको का कार्यकाल अच्छा नहीं रहा क्योंकि करीब साढ़े चार साल के उनके कार्यकाल के दौरान पार्टी एक भी चुनाव नहीं जीत पाई।

# कार्मिक, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की टीमें जाएंगी कश्मीर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

जम्मू कश्मीर को विभाजित कर बनाए गए दो केंद्र शासित प्रदेशों के आगामी 31 अक्तूबर को अस्तित्व में आने पर कर्मचारियों के बंटवारे एवं प्रशासनिक सुधारों से जुड़े मुद्दों पर गौर करने के लिए कार्मिक मंत्रालय की एक उच्चस्तरीय टीम अगले हफ्ते वहां का दौरा करेगी। साथ ही, बागवानी और जैविक खेती के क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय की एक टीम भी जल्द ही राज्य का दौरा करेगी। इसके अलावा, अल्पसंख्यक आयोग की टीम भी अगले महीने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा करेगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह की पहल पर दोनों टीमें भेजी जा रही हैं। सिंह के पास पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय का भी प्रभार है। अधिकारियों के मुताबिक, कार्मिक मंत्रालय की टीम तीन सितंबर को जम्मू कश्मीर का दौरा करेगी। वह राज्यपाल सत्यपाल मलिक एवं प्रशासन के अन्य अधिकारियों से मिलेगी और कर्मचारी एवं प्रशासनिक सुधारों से जुड़े मुद्दों पर गौर करेगी।

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 के मुताबिक भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) एवं भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) जैसी अखिल भारतीय सेवाएं और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) उपराज्यपाल (एलजी) के नियंत्रण में रहेंगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख बगैर विधानसभा के होगा और वहां के अधिकारी सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में होंगे। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों -जम्मू कश्मीर और लद्दाख- में विभाजित करने के केंद्र के फैसले के बाद स्थानीय प्रशासन की मदद करने के लिए कई केंद्रीय टीमों ने वहां का दौरा किया है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने के बाद स्थानीय लोगों से संवाद करने और उनके मुद्दों को समझने के मकसद से अगले महीने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम दोनों प्रस्तावित केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगी। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सैयद गैयुरूल हसन रिजवी के मुताबिक, आयोग की मासिक बैठक में यह निर्णय किया गया कि अगले महीने के पहले पखवाड़े में आयोग की उच्चस्तरीय टीम जम्मू, कश्मीर और लद्दाख का दौरा करेगी। आयोग की यह पहल इस मायने में महत्त्वपूर्ण है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख अल्पसंख्यक बहुल हैं। कश्मीर मुसलिम बहुल है तो लद्दाख में भी मुसलिम और बौद्ध आबादी बहुसंख्यक है। जम्मू क्षेत्र में मुसलिम समुदाय की अच्छी-खासी आबादी है और वहां सिख समुदाय के लोग भी रहते हैं।

# तीस्ता सीतलवाड मामले में सीजेआइ से हस्तक्षेप की मांग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 29 अगस्त।

गुजरात के एक निवासी ने सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड और उनके पति से जुड़े आपराधिक मामलों की जल्द सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) रंजन गोगोई से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। यह मामला चार साल से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सीतलवाड के पूर्व सहयोगी रईसखान अजीज खान पठान ने दो मामलों की ओर न्यायमूर्ति गोगोई का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पत्र लिखा है। पत्र में पठान ने कहा है कि चार साल हो जाने के बाद भी मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किए गए हैं। पठान ने सीतलवाड के एनजीओ सिटिजंस फॉर जस्टिस एंड पीस (सीजेपी) में काम किया था।

पठान ने सीतलवाड और उनके पति के खिलाफ गुजरात पुलिस और सीबीआइ द्वारा दर्ज किए गए आपराधिक मामलों का उल्लेख किया है। वे मामले धन के कथित गबन और विदेशी चंदा विनियमन कानून (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन से संबंधित हैं। ये मामले 2015 में सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे थे। उन्होंने एक अन्य मामले का भी जिक्र किया जिसमें उन लोगों द्वारा संचालित एक अन्य एनजीओ 'सबरंग ट्रस्ट' को मानव संसाधन विकास मंत्रालय से कथित रूप से धोखाधड़ी से धन प्राप्त हुआ था। यह मामला इस साल मार्च में शीर्ष अदालत में सुनवाई के लिए आया था। ये मामले दंपति की अग्रिम जमानत से जुड़े हैं। पठान ने लिखा कि कृपया इस बात पर गौर करें कि चार साल के अंतराल के बाद भी पहले मामलों में सुनवाई क्यों नहीं हो रही है। पठान ने प्रधान न्यायाधीश को 11 अगस्त को पत्र लिखा था। पठान ने गुजरात में 2002 के दंगा पीड़ितों के लिए सीतलवाड के साथ काम किया था।

# 'अनुकूल समय पर करेंगे हवाई क्षेत्र बंद करने पर फैसला'

इस्लामाबाद, 29 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा कि भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने का फैसला फिलहाल नहीं किया गया है, लेकिन वह अपने लिए अनुकूल समय पर इसका आदेश दे सकता है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर शीर्ष स्तर पर चर्चा हुई है। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, "कई विकल्पों में से एक यह भी है जिसपर विचार किया जा रहा है। हम प्रतिबंध का फैसला अपने लिये अनुकूल समय पर करेंग।

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने का फैसला नहीं किया गया है और इस तरह का कोई भी कदम सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श करने के बाद उठाया जाएगा। विदेश मंत्री ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने संबंधी डॉन की रिपोर्ट को खारिज करते हुए उसे 'अटकलबाजी' करार दिया था।

# पाकिस्तान की चिट्ठी में खट्टर और कई अन्य का भी जिक्र

पेज 1 का बाकी

को लिखे इस पत्र में उन्होंने भारत के खिलाफ अपने कुप्रचार के तहत जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। 'लैंगिक हिंसा का हथियार के रूप में इस्तेमाल' शीर्षक के तहत हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और भाजपा विधायक विक्रम सैनी के बयानों का जिक्र किया गया है।

खट्टर ने 10 अगस्त 2019 को बयान दिया था। खट्टर ने बयान दिया था, 'कुछ लोग अब कह रहे हैं कि जैसे ही कश्मीर खुला है, वहां से दुल्हनें लाई जाएंगी...। लेकिन मजाक से हटकर अगर (लिंग) अनुपात में सुधार किया जाता है, तो समाज में सही संतुलन होगा। हरियाणा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान सफल रहा है।' हालांकि, बाद में खट्टर ने अपने इस बयान पर सफाई दी थी और लिंगानुपात का हवाला दिया था।

पाकिस्तान की चिट्ठी में विधायक विक्रम सैनी के छह अगस्त को आए एक वीडियो का जिक्र किया गया है, जिन्होंने कहा था, 'मुसलिम पार्टी कार्यकर्ताओं को नए प्रावधानों का आनंद लेना चाहिए। वे अब कश्मीर की गोरी चमड़ी वाली महिलाओं से शादी कर सकते हैं।' शिरीन ने जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती के कुछ ट्वीट का भी हवाला दिया है, जो उन्होंने पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने की प्रतिक्रिया में लिखा था। महबूबा मुफ्ती ने इसे भारत के लोकतंत्र का काला दिन बताया था। उन्होंने महबूबा मुफ्ती और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को नजरबंद किए जाने का जिक्र किया है। शिरीन मजारी ने अपने पत्र में कई विदेशी मीडिया की रिपोर्ट का हवाला दिया है। एक गूगल सर्च की खास तौर से चर्चा की है, जिसमें कहा गया है कि पांच अगस्त के बाद से भारत में 'हाऊ टू मैरी कश्मीर वुमन' के सर्च बढ़ गए हैं।

# कश्मीर कभी पाकिस्तान का था ही नहीं : राजनाथ

पेज 1 का बाकी

के रिश्ते रखना चाहता है, लेकिन उसे पहले भारत में आतंकवाद का निर्यात बंद करना चाहिए। मंत्री ने 'किसान-जवान विज्ञान मेला' का उद्घाटन करने के बाद कहा, 'पाकिस्तान का कश्मीर पर कोई अधिकार नहीं है। हालांकि, उसने गिलगिट बाल्टिस्तान समेत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अवैध कब्जा कर रखा है।' सिंह ने कहा कि संसद ने फरवरी 1994 में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था जिसमें भारत का रुख साफ किया गया है।

उन्होंने कहा, 'मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि कश्मीर उसका कब था? पाकिस्तान का सृजन भी भारत से अलग कर-के किया गया था। हम पाकिस्तान के अस्तित्व का सम्मान करते हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि वह कश्मीर पर बयान देता रह सकता है।' उन्होंने कहा कि कश्मीर हमारा रहा है। इस बारे में कोई संदेह नहीं है। सच यह है कि पीओके और गिलगिट बाल्टिस्तान पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके में मानवाधिकार उल्लंघन और अत्याचारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने फोन पर बातचीत में उनसे कहा था कि अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाना भारत का आंतरिक मामला है। इस मुद्दे पर कोई देश पाकिस्तान के साथ नहीं है। सिंह ने हिंदी मुहावरे 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' का जिक्र करते हुए इशारा किया कि पाकिस्तान का कश्मीर से कोई लेनादेना नहीं है।

सिंह ने कहा कि जब हमने लद्दाख को अलग केंद्रशासित क्षेत्र बनाने के लिए कानून बनाया तो हमने न केवल यहां की जनता की भावनाओं का सम्मान किया बल्कि लोगों की समस्याओं का समाधान भी दिया।

# दिल्ली की बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी महिलाएं

पेज 1 का बाकी

जांच टीमों की संख्या बढ़ाएगा। इसके अलावा सरकारी विभागों में तैनात कर्मचारियों को मुफ्त सफर के लिए सरकार से मिलने वाला यात्रा भत्ता छोड़ना होगा। अगर महिला कर्मचारी इस सुविधा का लाभ नहीं लेना चाहती है तो उन्हें एक लिखित सूचना विभाग को देनी होगी कि वे इस योजना का लाभ नहीं ले रही हैं।

एअरपोर्ट और अन्य विशेष सेवाओं के लिए चलने वाली बसों में भी यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा एनसीआर में जाने वाली डीटीसी व क्लस्टर की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# सीबीआइ ने बिरला से मुकदमे की मांगी इजाजत

पेज 1 का बाकी

एजंसी ने तलब किया था। उन्होंने कहा कि एजंसी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले 2016 में सामने आए वीडियो की सच्चाई का पता लगाने के लिए आवाज के नमूनों की जांच कराएगी।

एजंसी ने लोकसभा अध्यक्ष से ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस के तीन मौजूदा सांसदों सौगत रॉय, काकोली घोष और प्रसून बनर्जी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगी। चौथे 48 वर्षीय सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल में तामलुक लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद हैं और फिलहाल राज्य सरकार में परिवहन मंत्री हैं। 73 वर्षीय रॉय दमदम से सांसद हैं जबकि घोष (59) बारासात क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रसून बनर्जी (64) हावड़ा से सांसद हैं। सूत्रों ने कहा कि अगर लोकसभा अध्यक्ष की मंजूरी दी जाती है तो एजंसी इन चारों नेताओं के नाम आरोपपत्र में शामिल कर सकती है। अधिकारियों ने कहा कि नारद स्टिंग का मामला तृणमूल के कुछ नेताओं और पश्चिम बंगाल के नौकरशाहों से जुड़ा हुआ है, जिन्हें एक निजी कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले पत्रकार से पैसे लेते हुए कथित तौर पर रिकार्ड किया गया था।

कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर लगभग एक महीने की प्रारंभिक जांच के बाद 16 अप्रैल, 2017 को सीबीआइ की प्राथमिकी में सभी चार नेताओं को आरोपी बनाया गया था।

सीबीआइ ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि स्टिंग ऑपरेशन में कथित तौर पर दिखता है कि रॉय, घोष और अधिकारी प्रतिनिधि के रूप में दिख रहे व्यक्ति से पांच-पांच लाख रुपए स्वीकार करते हैं। वहीं प्रसून बनर्जी को एक व्यावसायिक उद्यम में मदद के लिए चार लाख रुपए लेते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में एजंसी ने तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य केडी सिंह से पूछताछ की थी।

## खबर कोना

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 में धोनी को जगह नहीं, हार्दिक की वापसी



नई दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा)।

महेंद्र सिंह धोनी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 मैचों की शृंखला के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं दी गई है जबकि फिट हो चुके हार्दिक पंड्या की वापसी गुरुवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र बदलाव है। तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच धर्मशाला (15 सितंबर), मोहाली (18 सितंबर) और बंगलुरु (22 सितंबर) में खेले जाएंगे। खेल से दो महीने का ब्रेक लेने वाले धोनी प्रादेशिक सेना के साथ 15 दिन बिताने के बाद अभी अमेरिका में छुट्टियां मना रहे हैं। यह पता नहीं चल पाया है कि चयनकर्ताओं ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला में उपलब्धता को लेकर धोनी से बात की या नहीं। वेस्टइंडीज दौरे की टीम के चयन (21 जुलाई) को मापदंड माने तो धोनी का आधिकारिक ब्रेक 21 सितंबर को खत्म होगा जबकि इसके अगले दिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच होगा। एमएसके प्रसाद की अगुआई वाली मौजूदा चयन समिति भविष्य की ओर देख रही है। सूत्रों के अनुसार 38 साल के विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान धोनी उनकी योजनाओं में शामिल नहीं हैं। बीसीसीआइ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'चयन समिति मुद्दे पर स्पष्ट है। वे संन्यास को लेकर धोनी से कभी कोई सवाल नहीं पूछेंगे क्योंकि यह उनके दायरे में नहीं है। लेकिन जब तक वे प्रभारी हैं तो उनके पास टीम चुनने का अधिकार है और जहां तक उनका सवाल है तो ऋषभ पंत सभी प्रारूपों में उनके पहली पसंद के विकेटकीपर हैं।'

### केपी भास्कर की दिल्ली के रणजी कोच के रूप में वापसी, गेंदबाजी कोच होंगे राजकुमार

नई दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा)।

केपी भास्कर को गुरुवार का एक साल बाद फिर दिल्ली की सीनियर रणजी टीम का कोच नियुक्त किया गया है जबकि विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा को 2019-20 घरेलू सत्र के लिए गेंदबाजी कोच बनाया गया है। भास्कर 2017-18 सत्र में दिल्ली के कोच थे और तब टीम को इंदौर में हुए रणजी ट्राफी फाइनल में विदर्भ के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। ओड़ीशा में घरेलू टूर्नामेंट के दौरान गौतम गंभीर के साथ सार्वजनिक बहस के बाद उन्हें कोच पद से हाथ धोना पड़ा था। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने भास्कर पर ड्रेसिंग रूम में गुटबाजी को बढ़ावा देने और कुछ युवा खिलाड़ियों का करियर खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। मिथुन मन्हास ने 2018-19 सत्र में भास्कर की जगह ली थी लेकिन इस दौरान टीम काफी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। भास्कर दिल्ली के पूर्व रणजी खिलाड़ी भी रहे हैं और उन्होंने 95 प्रथम श्रेणी मैचों में 18 शतक की मदद से 5443 रन बनाए।

# दीपा मलिक 'खेल रत्न' बनीं, समारोह में भाग नहीं ले सके बजरंग

नई दिल्ली, 29 अगस्त (भाषा)।

पैरालंपिक रजत पदक विजेता दीपा मलिक राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार हासिल करने वाली पहली भारतीय पैरा एथलीट और सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं लेकिन इसी पुरस्कार को हासिल करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया ट्रेनिंग प्रतिबद्धताओं के कारण यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शिरकत नहीं कर पाए।

दीपा ने 2016 रियो पैरालंपिक में गोला फेंक एफ53 में रजत पदक जीता था। उन्हें एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन पूनिया के साथ संयुक्त विजेता घोषित किया गया था जो कजाखस्तान में होने वाली आगामी चैंपियनशिप की तैयारियों में जुटे हैं। इस तरह दीपा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को हासिल करने वाली दूसरी पैरा एथलीट बन गई क्योंकि पैरालंपिक का दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक एथलीट देवेंद्र झझारिया को 2017 में इससे सम्मानित किया गया था। वह 49 साल की उम्र में इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली सबसे उम्रदराज एथलीट भी बन गईं।

दीपा चौथी बार भाग्यशाली रही क्योंकि पिछले तीन साल उनके नाम की अनदेखी की गई जिस पर उन्होंने सवाल उठाए और फैसले की आलोचना की। पूनिया के अलावा क्रिकेटर रविंद्र जडेजा, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदकधारी गोला फेंक एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर और 400 मीटर स्पर्धा के रजत पदक मोहम्मद अनस समारोह में अर्जुन पुरस्कार लेने नहीं आ सके। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर दिए जाते हैं।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार ग्रहण करती हुई दीपा मलिक

दीपा ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। यह पूरी यात्रा लोगों के दिव्यांगों और दिव्यांग लोगों की छुपी काबिलियत के प्रति लोगों के रवैये को बदलने के बारे में रही है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह पुरस्कार महिला दिव्यांग खिलाड़ियों को काफी प्रेरित करेगा। स्वंतत्र भारत को पैरालंपिक में पदक जीतने में 70 साल लगे।'

**राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार** : दीपा मलिक (पैरा-एथलेटिक्स), बजरंग पूनिया (कुश्ती)। **अर्जुन पुरस्कार** : रविंद्र जडेजा (क्रिकेट), मोहम्मद अनस याहिया (एथलेटिक्स), गुरप्रीत सिंह संधू (फुटबाल), सोनिया लाठेर (मुक्केबाजी), चिंगलेनसना सिंह कंगुजम (हॉकी), एस भास्करन (बाडीबिल्डिंग), अजय ठाकुर (कबड्डी), अंजुम मौदगिल (निशानेबाजी), बीसाई प्रणीत (बैडमिंटन), तेजिंदर पाल सिंह तूर (एथलेटिक्स), प्रमोद भगत (पैरा स्पोर्ट्स - बैडमिंटन), हरमीत राजुल देसाई (टेबल टेनिस), पूजा ढांडा (कुश्ती), फवाद मिर्जा (घुड़सवारी), सिमरन सिंह शेरगिल (पोलो), पूनम यादव (क्रिकेट), स्वप्ना बर्मन (एथलेटिक्स), सुंदर सिंह गुर्जर (पैरा स्पोर्ट्स - एथलेटिक्स) और गौरव सिंह गिल (मोटरस्पोर्ट्स)।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी)** : मोहिंदर सिंह ढिल्लों (एथलेटिक्स), संदीप गुप्ता (टेबल टेनिस) और विमल कुमार (बैडमिंटन)। **द्रोणाचार्य पुरस्कार (आजीवन श्रेणी)** : संजय भारद्वाज (क्रिकेट), रामबीर सिंह खोकर (कबड्डी) और मेजबान पटेल (हॉकी)। **ध्यानचंद पुरस्कार** : मनोज कुमार (कुश्ती), सी लालरेमसंगा (तीरंदाजी), अरूप बसाक (टेबल टेनिस), निटेन कीर्ताने (टेनिस) और मैनुअल फ्रेड्रिक्स (हॉकी)।

# इलावेनिल ने विश्व कप निशानेबाजी का पहला स्वर्ण जीता

रियो दि जिनेरियो, 29 अगस्त (भाषा)।

निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एअर राइफल स्पर्धा में सभी को पछाड़ते हुए सीनियर विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इससे यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह तीसरी भारतीय बन गईं। 20 साल की निशानेबाज का प्रदर्शन हालांकि भारत के लिए ओलंपिक कोटे में नहीं बदल सका क्योंकि अंजुम मुद्गिल और अपूर्वी चंदेला ने पहले ही देश को मिलने वाले दो स्थान पिछले साल की विश्व चैम्पियनशिप में हासिल कर लिए हैं।

अपूर्वी और अंजुम आइएसएसएफ राइफल/पिस्टल चरण की प्रतियोगिता में कोई पदक हासिल नहीं कर सकीं जो क्रमशः दुनिया की नंबर एक और दो निशानेबाज हैं। अंजुम फाइनल में 166.8 अंक से छठे स्थान पर रहीं जबकि अपूर्वी क्वालीफिकेशन पार नहीं कर सकीं और 11वें स्थान पर रहीं।

सीनियर स्तर पर अपने पदार्पण वर्ष में 20 साल की इलावेनिल ने बुधवार को फाइनल में 251.7 अंक का स्कोर जुटाया जिससे उन्होंने ब्रिटेन की सियोनाद मैकिन्तोश को पछाड़ दिया जिन्होंने 250.6 अंक से रजत पदक जीता।

चीनी ताइपे की यिंग शिन लिन ने कांस्य पदक जीतने के अलावा तोक्यो 2020 ओलंपिक के दो कोटा स्थान में से एक हासिल किया। दूसरा कोटा ईरान ने हासिल किया। भारत पहले ही इस स्पर्धा में कोटा सुनिश्चित कर चुका है। अंजलि भागवत और अपूर्वी चंदेला इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की दो अन्य निशानेबाज हैं।

इलावेनिल एशियाई चैम्पियन के अलावा जूनियर विश्व कप की स्वर्ण पदकधारी हैं और ओलंपिक कांस्य पदकधारी गगन नारंग के युवाओं को ट्रेनिंग देने के लिए की गई शुरुआत 'प्रोजेक्ट लीप' के लिये चुनी गई थी।

गुजरात की इलावेनिल ने क्वालीफिकेशन में अपनी सीनियर अंजुम को पछाड़ दिया था। उन्होंने 629.4 अंक जुटाए जबकि अंजुम ने 629.1 अंक बनाये थे जिससे दोनों क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं।

दुनिया की नंबर एक निशानेबाज अपूर्वी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकीं। वह 627.7 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं। भारत का दबदबा इतना था कि मेहुली घोष ने प्रतिस्पर्धा से इतर न्यूनतम क्वालीफिकेशन स्कोर (एमक्यूएस) वर्ग में 629.1 अंक का स्कोर बनाया जो उन्हें फाइनल में स्थान दिला सकता था।



**इलावेनिल ने 24 शाट के फाइनल में चार शाट से पहले 1.4 अंक की बढ़त बनाई हुई थी। सियोनाद और इलावेनिल के बीच अंत तक मुकाबला चला लेकिन भारतीय निशानेबाज पहला स्थान हासिल करने में सफल रहीं।**

अंजुम पहले पांच शाट के बाद आगे चल रही थीं, लेकिन दूसरी सीरीज के खराब होने से वह नीचे खिसक गईं और 12वें शाट तक पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। लेकिन इलावेनिल शानदार प्रदर्शन करते हुए सियोनाद से आगे निकल गईं। अमेरिका की मैरी टकर सबसे पहले बाहर हुईं।

महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में अनुराज सिंह ने भारतीय टीम में वापसी करते हुए प्रीसिशन चरण में 292 का मजबूत स्कोर बनाया जिससे वे 12वें स्थान पर पहुंची। रैपिड फायर राउंड गुरुवार को होगा।

हमवतन चिंकी यादव 290 अंक से 17वें जबकि अभिदन्या अशोक पाटिल 286 से 43वें स्थान पर हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पाजीशन स्पर्धा में पहले एलिमिनेशन दौर में क्वालीफिकेशन विश्व रेकॉर्ड रहा जिसमें आस्ट्रिया के जान लोचबिहलर ने 1188 अंक जुटाए। भारत के संजीव राजपूत ने पहले एलिमिनेशन दौर में 1170 अंक से 14वें स्थान हासिल किया। वे फाइनल में जगह बनाने के लिए गुरुवार को क्वालीफाइंग दौर में खेलेंगे।


# जोकोविच अगले दौर में, फेडरर पहला सेट गंवाने के बाद जीते

न्यूयॉर्क, 29 अगस्त (एएफपी)।

गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने कंधे के दर्द के बावजूद बुधवार को बारिश से प्रभावित अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि रोजर फेडरर ने एक और धीमी शुरुआत करते हुए कदम आगे बढ़ाए। वहीं महिलाओं के वर्ग में सेरेना विलियम्स ने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली 17 साल की कैटी मैकनैली को 5-7 6-3 6-1 से शिकस्त दी। अमेरिका की आठवीं वरीय सेरेना अपने करिअर का 24वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर मारग्रेट कोर्ट के रेकॉर्ड की बराबरी करने की कोशिश में जुटी हैं।

शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जोकोविच पिछले पांच ग्रैंडस्लैम में से चार अपने नाम कर चुके हैं और कुल 16 खिताब जीतने वाले इस धुरंधर ने अर्जेंटीना के 56 रैंकिंग के जुआन इग्नासियो लोंडेरो पर 6-4 7-6 6-1 से जीत हासिल की।

सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने अपने कंधे की चोट के बारे में कहा, 'इससे निश्चित रूप से मेरी सर्विस और बैकहैंड पर असर पड़ रहा था। मेरी सचमुच काफी परीक्षा हुई। दर्द के साथ खेलना आसान नहीं था लेकिन आपको उम्मीद करनी होती है कि आपको कुछ मौके मिले और कुछ शाट भाग्यशाली रहें।'



नोवाक जोकोविच



रोजर फेडरर

वहीं 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर 2008 के बाद पहली अमेरिकी ओपन ट्राफी जीतने की उम्मीद लगाए हैं जिन्होंने 2004 से 2008 तक लगातार यहां खिताब जीते थे। उन्होंने 99वीं रैंकिंग के बोस्निियाई खिलाड़ी दामिर जुमहुर पर 3-6 6-2 6-3 6-4 से फतह हासिल की। स्विट्जरलैंड के तीसरे वरीय खिलाड़ी ने भारतीय क्वालीफायर सुमित नागल के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में भी पहला सेट गंवाया था। लेकिन 38 साल के इस खिलाड़ी ने पहले सेट में 17 अनफोर्स्ड गलतियां करने के बाद वापसी की। फेडरर ने कहा, 'जब आप लगातार मैचों में ऐसा करते हो तो यह थोड़ा निराशाजनक होता है, विशेषकर तब जब टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में ऐसा हो। महिलाओं के वर्ग में एशले बार्टी ने अमेरिका की लौरेन डेविस को 6-2 7-6 से शिकस्त दी।

# भारत की निगाह 'क्लीन स्वीप' पर, पंत पर रहेगा ध्यान

किंगस्टन, 29 अगस्त (भाषा)।

भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से शुरू हो रही विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के अपने दूसरे मैच में 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम प्रबंधन के भरोसे पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। पहला टेस्ट 318 रन से जीत चुकी भारतीय टीम सबीना पार्क में दूसरे मैच में प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दूसरी ओर मेजबान टीम पांच दिवसीय मुकाबले की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकी है।

भारत के गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा, 'यहां परिस्थितियां अच्छी है और पिच भी बढ़िया लग रही है। हमें एक और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।' पहले मैच में जसप्रीत बुमराह ने छह और ईशांत शर्मा ने आठ विकेट लेकर वेस्टइंडीज की कमजोरियों की कलई खोल दी। उनका इरादा इस प्रदर्शन को बरकरार रखने का होगा। इतनी बड़ी जीत के बाद भारत अंतिम एकादश में बदलाव शायद ही करे। हालांकि पंत की फार्म चिंता का सबब है। उन्हें महेंद्र सिंह धोनी का वारिस माना जा रहा है लेकिन उनके आउट होने के तरीके से यह चिंता पैदा हुई है। इस दौरे पर उन्होंने 0, 4, नाबाद 65 , 20 , 0, 24 और सात रन बनाए हैं। रिधिमान साहा के ड्रेसिंग रूम में लौटने से अब पंत मौके को हलके में नहीं ले सकते। पहले टेस्ट की दूसरी पारी में उनके पास बिना किसी दबाव के खुलकर खेलने का मौका था लेकिन वह खराब शाट खेलकर आउट हो गए। टी20 शृंखला में एक अर्धशतक को छोड़कर वह कोई कमाल नहीं कर सके। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी पहले टेस्ट में फार्म में नहीं थे लेकिन उन्हें एक और मौका मिलने की उम्मीद है। हनुमा विहारी ने भी दूसरी पारी में 93 रन बनाए जिसके मायने हैं कि रोहित शर्मा को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। तेज गेंदबाजों का प्रदर्शन पहले मैच में काबिले तारीफ रहा। ईशांत और बुमराह ने खासतौर पर बेहतरीन गेंदबाजी की।

indianexpress.com



I subscribe to facts not mass opinion.

Inform your opinion with expert analysis.

The Indian Express. For the Indian Intelligent.

The Indian EXPRESS — JOURNALISM OF COURAGE —

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 285, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।